तापमान

अधिकतम 34 डिग्री

न्यूनतम 21 डिग्री

हरिभूमि

सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, शनिवार, 16 मई 2026

अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज

2 मनेन्द्रगढ़ स्टेशन यार्ड में ट्रेन दुर्घटना राहत और बचाव कार्य का अभ्यास

खबर संक्षेप

एमएसएमई क्रेडिट आउटरीच कार्यक्रम शहर में आज

अम्बिकापुर। सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) को प्रोत्साहित करने तथा उद्यमियों तक बैंकिंग ऋण सुविधाओं की पहुंच बढ़ाने के उद्देश्य से 16 मई को सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के समन्वय से एमएसएमई क्रेडिट आउटरीच कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम का आयोजन अम्बिकापुर के लाइवलीहुड कॉलेज में किया जाएगा। जिले के लीड बैंक प्रबंधक ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य व्यापारियों, निर्माताओं, सेवा प्रदाताओं, स्वास्थ्य संस्थानों, होटल व्यवसायियों एवं उद्यमियों को विभिन्न ऋण योजनाओं एवं वित्तीय सुविधाओं की जानकारी प्रदान करना है। जिले के समस्त उद्यमियों, व्यवसायियों एवं स्वरोजगार के इच्छुक युवाओं को कार्यक्रम में सहभागिता कर योजनाओं का लाभ प्राप्त कर सकते हैं।

बड़ादमाली में 21 ग्राम पंचायतों हेतु जनसमस्या निवारण शिविर आज

अम्बिकापुर। सुशासन तिहार-2026" अंतर्गत 16 मई को विकासखण्ड अम्बिकापुर के शिविर स्थल बड़ादमाली (पंचायत भवन के पास) में शिविर लगेगा। जिसमें 21 ग्राम पंचायतों मोतीपुर, नवापाराखुर्द, भालूकछार, नानदमाली, बड़ादमाली, बरगवां, कलगसा, ससकालो, बरगई, नवानगर, खजुरी, पंपापुर, नवापाराकला, रकेली, कुनियाकला, अड़ची, करां, सोनबरसा, टपरकेला, पोड़ीकला, कुम्हरता के ग्रामीण अपने मांगो एवं शिकायतों सम्बन्धी आवेदन देंगे। शिविर प्रभारी अधिकारी अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) अम्बिकापुर एवं सहायक प्रभारी अधिकारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत अम्बिकापुर होंगे। बता दें शासन के निर्देशानुसार जन शिकायतों का समयबद्ध एवं प्रभावी निराकरण सुनिश्चित करने तथा आम जनता को सुगम, पारदर्शी एवं त्वरित रूप से सेवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित कराने हेतु सुशासन तिहार 2026 अंतर्गत 10 जून तक जिले में शिविर आयोजित होंगे।

बलरामपुर एवं पस्ता क्षेत्र में अवैध गिट्टी परिवहन पर चार हाइवा जब्त

अंबिकापुर। बलरामपुर जिले में खनिजों के अवैध उत्खनन एवं परिवहन पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में खनिज विभाग एवं संयुक्त टीम के द्वारा अवैध खनिज परिवहन पर बलरामपुर एवं पस्ता क्षेत्र में कार्रवाई की गई। इस दौरान अवैध रूप से गिट्टी का परिवहन करते हुए कुल चार हाइवा वाहनों को जब्त किया गया। खनिज विभाग की टीम द्वारा क्षेत्र में नियमित निगरानी एवं जांच की जा रही थी। इसी दौरान वाहनों की जांच की गई, जिसमें आवश्यक दस्तावेज एवं वैध अनुमति प्रस्तुत नहीं किए जाने पर चार वाहनों को जब्त कर खनिज नियमों के अंतर्गत अग्रिम कार्रवाई की जा रही है। खनिज विभाग अधिकारी ने बताया कि जिले में अवैध उत्खनन एवं परिवहन पर रोक लगाने के उद्देश्य से लगातार निगरानी की जा रही है। शासन के निर्देशानुसार खनिज संपदा के संरक्षण के लिए संयुक्त रूप से मॉनिटरिंग करते हुए कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी तथा अवैध गतिविधियों में संलिप्त पाए जाने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

12 मई की रात टूट गया था पुल

दो टुकड़ों में बंटे पुल की मरम्मत को लेकर असमंजस, तय नहीं हो पा रही स्थिति

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

सुखदेवपुर के समीप सुखाड़ नाला पर बीच से दो टुकड़ों में बंटे पुल के स्थान पर वैकल्पिक व्यवस्था को लेकर अधिकारी गंभीर नजर नहीं आ रहे है। पुल टूटने के बाद अधिकारियों ने घटना स्थल का जायजा तो ले लिया लेकिन अब यह तय नहीं हो पा रहा है कि इस मार्ग पर आवागमन बहाल करने का काम कौन करेगा। लोनिवि सेतु निगम द्वारा काम कराए जाने की बात कह रहा है तो वही सेतु निगम के अधिकारी एसईसीएल द्वारा काम कराए जाने की बात कही जा रही है लेकिन सबसे बड़ी समस्या आम नागरिकों के लिए खड़ी होने वाली है।

खास बात

- आवागमन बाधित, लोगों की बढ़ी परेशानी

बता दें कि 12 मई की रात सूरजपुर जिले के प्रतापपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत सुखदेवपुर में फुलझर नदी के सुखाड़ नाला पर बना पुल धराशायी हो गया। पुल बीच से दो टुकड़ों में बंट गया जिसके बाद इस मार्ग पर आवागमन बाधित हो गया है। इस पुल का निर्माण एसईसीएल द्वारा 2015-16 में कराया गया था। इस पुल निर्माण का उद्देश्य ही महान 3 खदान से निकलने वाले कोयला का आसानी से परिवहन करना है। एसईसीएल द्वारा बनवाए गए पुल से कोयला परिवहन तो होता ही था इसके साथ ही इस मार्ग का उपयोग क्षेत्र के ग्रामीण भी आवागमन के लिए करते थे। पुल टूटने के बाद इस मार्ग पर आवागमन पूर्ण रूप से ठप हो गया है। इस पुल का निर्माण सेतु निगम द्वारा किया गया था लेकिन कुछ ही सालों में यह पुल जर्जर हालत में पहुंच गया और एसईसीएल बस की दुर्घटना का कारण भी बना। बस दुर्घटना में एसईसीएल के कर्मचारी की मौत हुई और अनेकों लोग घायल हुए और अब पूरा पुल ही बीच से दो टुकड़ों में बंट गया लेकिन इतनी जल्दी पुल के जर्जर होने को लेकर संबंधित विभाग से भी अब तक कोई जवाब नहीं मांगा गया।

निरीक्षण के बाद बैरंग लौटे अधिकारी

पुल टूटने की घटना को गम्भीरता से लेते हुए नवपदस्थ कलेक्टर रेणा जमील ने अधिकारियों को तत्काल निरीक्षण कर क्षतिग्रस्त पुल का मलबा हटवाने और वैकल्पिक व्यवस्था के तहत ह्यूम पाइप के साथ अस्थायी पुल के निर्माण का निर्देश दिया था। कलेक्टर के निर्देश के बाद एसडीएम, लोक निर्माण विभाग, सेतु निगम, एसईसीएल के अधिकारियों ने मौके का निरीक्षण किया और उसके बाद सभी बैरंग ही वापस लौट आए। लोक निर्माण विभाग ने अस्थायी पुल निर्माण से अपने हाथ खड़े कर लिए है। विभाग का कहना है कि पुल की लम्बाई 60 मीटर से अधिक है इस लिए वे ह्यूम पाइप निर्माण का काम नहीं कर सकते है। इधर सेतु निगम के अधिकारियों का भी कहना है कि इस मार्ग पर जो भी निर्माण या मरम्मत कार्य होंगे वे एसईसीएल द्वारा ही किए जाएंगे। वे सिर्फ नया पुल बनाने का प्रस्ताव बनाकर शासन को भेज देंगे।

कोयला परिवहन लेकिन नागरिक परेशान

पुल के जर्जर स्थिति में पहुंचने का कारण ही कोयला परिवहन है। बड़ी बात यह है कि पुल टूटने के बाद भी कोयला परिवहन पर कोई असर नहीं पड़ा है। अभी भी कल्याणपुर की तरफ से कोयला परिवहन चल रहा है लेकिन इस मार्ग पर आवागमन बाधित है। इस पुल का उपयोग सिर्फ कोयला परिवहन के लिए नहीं होता था, आम नागरिक भी इस मार्ग पर सफ़र करते थे लेकिन अब पुल टूटने के बाद लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है और अधिकारी इस समस्या को गंभीरता से नहीं ले रहे है।

भेजा जाएगा प्रस्ताव

हमने टूटे हुए पुल का निरीक्षण किया है। निर्माण और मरम्मत का कार्य एसईसीएल द्वारा ही कराया जाएगा। हमारी ओर से नये पुल निर्माण का प्रस्ताव शासन को भेजा जाएगा।

-एनके डडसेना, ईई सेतु निगम

दो-तीन दिन बाद तापमान में हो सकती है वृद्धि

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

मौसम में चल रहे उतार चढ़ाव के बीच मौसम विज्ञानी दो-तीन दिन बाद तापमान में क्रमशः वृद्धि होने की संभावना व्यक्त कर रहे हैं। मौसम में चल रहे बदलाव के कारण वातावरण में अभी भी नमी मौजूद है। देश के विभिन्न हिस्सों में चक्रवाती परिसंचरण के प्रभाव से अभी भी खाड़ी से नमी पहुंच रही है जिसके प्रभाव से कहीं-कहीं अंधड़ चलने एवं बारिश होने की संभावना जताई जा रही है।

- राजस्थान की गर्मी से प्रभावित होगा मौसम
- धूप-छांव का क्रम अभी भी जारी

मौसम विज्ञानी के अनुसार वर्तमान में दक्षिण पश्चिम बंगाल एवं उससे सटे मध्य बंगाल की खाड़ी के ऊपर बने स्पष्ट निम्न अवदाब क्षेत्र के प्रभाव से चक्रवाती परिसंचरण प्रभावी है वहीं पश्चिमी एवं पूर्वी उत्तरप्रदेश, कर्नाटक, दक्षिणपूर्व मध्यप्रदेश से लेकर पश्चिम बंगाल एवं सिक्किम तक चक्रवाती परिसंचरण सक्रिय है जिसके प्रभाव से लगातार खाड़ी से नमी पहुंच रही है। मौसम में आए बदलाव के कारण मौसम विज्ञानी कहीं-कहीं तेज रफ्तार आंधी चलने की संभावना व्यक्त कर रहे है। इधर उत्तर भारत में 17 मई को एक नए पछुआ विक्षोभ के प्रभावी होने की संभावना है। विक्षोभ के प्रभाव से एक बार फिर बादलों की आवाजाही बढ़ने की संभावना है। मौसम में आए बदलाव का प्रभाव मध्य एवं दक्षिण छत्तीसगढ़ पर अधिक पड़ने की संभावना है। इधर दक्षिण पश्चिम मानसून दक्षिण बंगाल की खाड़ी, अंडमान सागर एवं अंडमान निकोबार दीप समूह तक पहुंच गया है तथा उसके आगे बढ़ने की अनुकूल परिस्थितियां बनी हुई है। केरल तट पर निर्धारित समय पर मानसून की दस्तक के लिए मौसम विज्ञानी राजस्थान में भीषण गर्मी पड़ने के साथ ही लो-प्रेशर बनने को स्वभाविक प्रक्रिया मान रहे हैं। वर्तमान में राजस्थान में मौसम साफ है। पछुआ विक्षोभ के प्रभाव से अछूता रहने पर दो-तीन दिन बाद राजस्थान में भीषण गर्मी पड़ने के साथ ही तापमान में 2-3 डिग्री की वृद्धि होने की संभावना व्यक्त कर रहे हैं। धूप-छांव के बीच आसमान पर बादलों की आवाजाही बढ़ने एवं बीच-बीच में अंधड़ चलने के कारण अभी भी गर्मी से राहत है तथा अधिकतम तापमान 38.0 डिग्री तक पहुंचा है।

मौसम विज्ञानी 17 मई के बाद तापमान में क्रमशः वृद्धि होने की संभावना व्यक्त कर रहे है।

कांग्रेस कार्यालय में चोरों का तीसरी बार धावा, इस बार 73 नग नल की टोटियां पार

अंबिकापुर। शहर के बीच घड़ी चौक के समीप स्थिति कांग्रेस कार्यालय में चोरी की घटना सामने आई है। चोरों ने कार्यालय में घुसकर बाथरूम में लगी नल की टोटियां चोरी कर ली। इसके साथ ही वाशरूम के फ्लश, वाश बेसिन में तोड़फोड़ की है जिससे एक लाख रूपए से अधिक का नुकसान हुआ है। कांग्रेस की ओर से चोरी की शिकायत पुलिस में दर्ज कराई गई है। बड़ी बात यह है कि कांग्रेस कार्यालय में चोरी की यह तीसरी घटना है। ऐसे में कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने जिले में कानून व्यवस्था और पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए है।

- वाश बेसिन, फ्लश और पाइप लाइन में की तोड़फोड़, कांग्रेस ने उठाए सवाल

बताया जा रहा है कि घड़ी चौक के समीप स्थित राजीव भवन में बीती रात अज्ञात चोर घुस आए थे। चोरों ने कार्यालय के अंदर मौजूद सभी वाशरूम से नल की टोटियां चोरी कर ली। इस दौरान चोरों ने परिसर के अंदर जमकर उत्पात मचाया और वाशरूम में मौजूद वाश बेसिन, फ्लश, पाइप लाइन तोड़ फोड़ दिया। कार्यालय से चोरों ने लगभग 73 नग नल की टोटी चोरी की है। इतना ही नहीं जाते समय आरोपियों ने कार्यालय के फर्श पर अंग्रेजी में आई लव अंबिकापुर लिख दिया। सुबह कार्यालय खुलने के बाद जब इस बात की जानकारी लगी तो हड़कंप मच गया। घटना की सूचना के बाद कांग्रेस जिलाध्यक्ष बाल कृष्ण पाठक के साथ ही बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी और कार्यकर्ता कार्यालय पहुंचे थे। कांग्रेस कार्यालय में विगत दो वर्ष के भीतर यह तीसरी घटना है। लगातार हो रही चोरियों को लेकर कांग्रेस ने गंभीर सवाल उठा। जिलाध्यक्ष बाल कृष्ण पाठक ने कहा कि राजीव भवन में तीसरी बार चोरी हुई है। शहर के बीच स्थित कार्यालय में इस तरह की घटना हुई। 73 से अधिक नल की टोटियां चोरी हुई और तोड़फोड़ की गई। जिले में पुलिस जिस ढंग से काम कर रही है उससे स्पष्ट है कि लॉ एंड ऑर्डर कंट्रोल में नहीं है। आने वाले दिनों में कांग्रेस के सेवादल का प्रशिक्षण शिविर भी होना था लेकिन इस घटना से कांग्रेस को नुकसान पहुंचा है। शहर के सबसे संवेदनशील और व्यस्त स्थान घड़ी चौक पर स्थित कांग्रेस कार्यालय में लगातार हो रही चोरी की घटना कहीं न कहीं कानून व्यवस्था पर सवाल खड़े करती है। इस स्थान के नजदीक ही यातायात पुलिस की चौकी के साथ ही साथ कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक कार्यालय भी मौजूद हैं। जिला न्यायालय भी यहां पर मौजूद है। इन प्रमुख कार्यालयों की मौजूदगी में ये घटना दिया तले अंधेरे वाली कहावत चरितार्थ करती है। फिलहाल इस मामले में पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ बीएनएस की धारा 331(4), 305(ए) के तहत अपराध दर्ज किया है।

अस्पताल में पत्नी की मौत की पुष्टि होने पर लाश छोड़ भागा पति

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

शराबी पति ने न सिर्फ पत्नी पर डंडे व पत्थर से जानलेवा हमला किया बल्कि मारपीट से गंभीर हुई पत्नी को गमछा से सहारे अपने शरीर से बांध मेडिकल कॉलेज अस्पताल लेकर पहुंचा। इधर जब चिकित्सकों ने पत्नी की मौत हो जाने की पुष्टि की तो पति लाश को अस्पताल में छोड़ कर फरार हो गया। घटना की जानकारी लगने तथा मायके पक्ष की शिकायत पर मणिपुर पुलिस द्वारा जांच शुरू कर दी है।

- पति ने पत्नी पर डंडे व पत्थर से किया जानलेवा था हमला
- अपने शरीर से पत्नी को बांधकर बाइक से पहुंचा था अस्पताल



जानकारी के अनुसार भिट्ठी कला निवासी हीरो बाई पति प्रदीप अगरिया (23 वर्ष) गुरूवार की शाम घर में थी इसी दौरान पति शराब के नशे में घर पहुंचा और पत्नी से विवाद करने के साथ ही डंडे व पत्थर से मारपीट करना शुरू कर दिया जिससे पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गई। पत्नी के गंभीर हालत हो जाने पर पति ने गमछा के सहारे पत्नी को अपने शरीर से बांध बाइक से मेडिकल कॉलेज अस्पताल के आपातकालीन केंद्र लेकर पहुंचा जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत महिला को मृत घोषित कर दिया। चिकित्सकों द्वारा महिला की मौत की पुष्टि करने पर पति पत्नी की लाश को अस्पताल में छोड़कर फरार हो गया। इधर मृतिका के रिश्तेदार सावित्री ने पुलिस को बताया कि वह गुरूवार की शाम जंगल से लकड़ी लेकर आई और शाम 6 बजे घर में भोजन कर रही थी। इसी दौरान हीरो बाई को उसके पति ने मारपीट किया। मारपीट की जानकारी घर में मौजूद मृतिका की 8 वर्षीय बेटी सिया ने बताया कि उसके पिता ने मां के साथ मारपीट किया और वह रोक कर मारपीट करने से मना किया लेकिन नहीं माना और गंभीर हालत में अस्पताल लेकर चला गया। इधर मृतिका के मायके पक्ष का आरोप है कि दोनों प्रेम विवाह किए थे। विवाह से चार संतान है। प्रदीप जब भी शराब पीता था उसके बाद पत्नी के साथ मारपीट करता था। बहरहाल मामले में पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात लाश का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है। इधर मामले में मणिपुर पुलिस द्वारा जांच शुरू कर दी है साथ ही फरार आरोपी पति की तलाश में जुटी है।

ग्रामीण की टांगी से वारकर हत्या, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ वाड्रफनगर

सब्जी बेचकर वापस लौट रहे ग्रामीण की पीछे से टांगी मारकर हत्या करने के मामले में पुलिस ने स फ ल ता हासिल की है। हत्या के बाद जंगल में छिपे हुए आरोपी को पुलिस ने घेराबंदी कर गिरफ्तार किया है। आरोपी ने पत्नी की चरित्र शंका को लेकर ग्रामीण पर हमला किया था।

- पत्नी के चरित्र पर शंका बनी हत्या की वजह

रघुनाथनगर पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार थाना अंतर्गत ग्राम बगईनार निवासी 50 वर्षीय राम प्रसाद सिंह आ. राम किशुन सिंह सब्जी बेचने का काम करता था और 13 मई को वह सब्जी लेकर जनकपुर साप्ताहिक बजार गया हुआ था। सा प ता हि क बाजार से वापस लौटते समय रात 9 से 10 बजे के बीच जनकपुर निवासी बंधू सिंह ने राम प्रसाद सिंह पर पीछे से गर्दन पर टांगी से हमला कर दिया था। इस घटना में ग्रामीण बाइक समेत सडक पर गिर गया। टांगी के वार से गंभीर ग्रामीण को उपचार के लिए अस्तपाल में भर्ती कराया गया था जहां से उसे मेडिकल कॉलेज अस्पताल रिफर कर दिया गया था। मेडिकल कॉलेज अस्पताल में उपचार के दौरान 14 मई को ग्रामीण की मौत हो गई। ग्रामीण के मौत के बाद मामले में पुलिस द्वारा जांच की जा रही थी। इस दौरान 15 मई को पुलिस ने मुखबिर से मिली सूचना के बाद थाना प्रभारी धीरेन्द्र तिवारी के नेतृत्व में पुलिस ने जनकपुर के जंगल में घेराबंदी कर बंधू सिंह को हिरासत में लेकर कड़ाई से पूछताछ की तो उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया। आरोपी ने पुलिस को बताया कि उसकी शादी बगईनार गांव में हुई थी और शादी के बाद से ही उसे अपनी पत्नी के चरित्र पर संदेह था। इसी वजह से उसने योजना बनाकर राम प्रसाद सिंह की हत्या कर दी और फिर टांगी को झाड़ी में फेंककर फरार हो गया। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त टांगी को बरामद करने के साथ ही आरोपी जनकपुर निवासी 36 वर्षीय बंधू सिंह आयाम आ. रामशरण सिंह को बीएनएस की धारा 103(1) के तहत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

सांप काटने की अलग-अलग घटनाओं में गंभीर दो मासूमों की गई जान

हरिभूमि न्यूज ⏭ लखनपुर

जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में आज भी जागरूकता की कमी है। ग्रामीण क्षेत्र में आज भी सर्पदंश जैसी घटना होने पर परिजन पीड़ित को अस्पताल ले जाने के बजाय गांव के वैद्य या देवार से झाड़ फूंक कराना जरूरी समझते है। ऐसे में सर्पदंश पीड़ित को समय पर उपचार नहीं मिलने से जान चली जाती है। बीती रात भी क्षेत्र में अलग-अलग सर्पदंश की दो घटना सामने आई जहां सर्पदंश पीड़ित मासूम को अस्पताल ले जाने के बजाय गांव में झाड़ फूंक कराया गया और जब मासूम की हालत गंभीर हो गई तो अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत सर्पदंश पीड़ित मासूम को मृत घोषित कर दिया।

- गांव में झाड़ फूंक कराने के पश्चात लेकर पहुंचे थे अस्पताल

जानकारी के अनुसार लखनपुर थाना क्षेत्र के ग्राम अंधला मुड़ापारा निवासी आयुष आ. जीतन कुमार अनंत (5 वर्ष) 14 मई को भोजन कर घर के कमरे में मां के साथ जमीन पर सोया था। रात लगभग 10 बजे बालक के कान के पीछे जहरीले करैंत सांप ने काट लिया। सांप के काटने पर बालक रोने लगा तो मां कुंती उठी तो उसके होश उड़ गए। बेटे सिर के पास सांप को देखा तो सांप को पकड़ कर फेंक दी और घटना की जानकारी परिजन को दी। परिसर ने सांप काटने पर बालक को तत्काल गांव के देवार के पास ले गए जहां झाड़ फूंक कराने लगे। इस बीच बालक की तबीयत ज्यादा खराब हो गई तो मेडिकल कॉलेज अस्पताल लेकर पहुंचे जहां पीआईसीयू में चिकित्सकों ने जांच उपरांत बालम को मृत घोषित कर दिया। इसी प्रकार दूसरी घटना में 14 मई की रात ग्राम केवरा कटाई पारा निवासी दिव्यांश आ. बबलू सिंह (2 वर्ष) को उसकी मां जमीन पर लेकर सोई थी। इसी दौरान जहरीले सांप ने मासूम को काट लिया। सांप के काटने के बाद परिजन गांव में झाड़ फूंक कराने के पश्चात 15 मई की तड़के दिव्यांश की तबीयत खराब होने पर उपचार हेतु लखनपुर अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां डॉक्टरों ने जांच उपरांत बालक को मृत घोषित किया है। इधर दोनों ही मामलों में पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

संदेह के आधार पर कार्रवाई, नहीं पहुंचा कोई मालिक

चल रहा मिलावटी पनीर खपाने का खेल, 100 किलो से अधिक जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

शहर में मिलावटी पनीर खपाने का सिलसिला जारी है। बड़े पैमाने पर बसों से पनीर मंगवाकर खपाने का काम किया जा रहा है। इस बात का खुलासा एक बार फिर से खाद्य औषधि प्रशासन विभाग की कार्रवाई से हुआ है। लगभग 100 केजी से अधिक पनीर को कार्रवाई के डर से मालिक लावारिश छोडकर भाग निकले।

बताया जा रहा है कि शुक्रवार को रायपुर से आने वाली प्रांजल बस से प्रतीक्षा बस स्टैंड में दो पेटियों में लगभग 100 केजी पनीर उतरा था। इतने बड़े पैमाने पर पनीर आने और मौके पर किसी मालिक के नहीं होने पर अस्पताल चौकी पुलिस को संदेह हुआ जिसके बाद उन्होंने खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग को सूचना दी। सूचना के बाद खाद्य सुरक्षा अधिकारी लक्ष्मीकान्त यादव के साथ टीम मौके पर पहुंची थी और पनीर को जब्त करने के लिए जांच के लिए सैम्पल लिया। इस दौरान यह बात सामने आई कि रायपुर से आए पनीर का कोई मालिक नहीं है।

कार्रवाई करते अधिकारी।

खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्री यादव ने बताया कि रायपुर में कूली के माध्यम से बसों में पनीर चढवाया जाता है और मालिक सामने नहीं आते। इसी तरह सरगुजा में भी मालिक ऑटो चालकों को बोलकर पनीर अपने संस्थान में पहुंचवा लेंते है। इस दौरान पकड़े जाने पर ऑटो चालक भी मालिक का नाम नहीं बताते है। ऐसे में स्पष्ट है कि शहर में नकली और मिलावटी पनीर खपाने का कारोबार चल रहा है।

तलवार से हमला करने के मामले में तीन गिरफ्तार

अंबिकापुर। तलवार लहराने और मारपीट करने के मामले में फरार चल रहे तीन आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। कोतवाली पुलिस के अनुसार नमनाकला खटिकपारा निवासी अंजली सारथी पति तहसील सारथी ने शिकायत दर्ज कराई थी कि 13 मार्च को मोहल्ले का लेदरी ने मामूली विवाद पर अपने साथी गोपी एवं गोलू के साथ तलवार लेकर पहुंचा और तलवार के हत्थे से सिर पर वार किया जिससे वह घायल हो गई। इस मामले में पुलिस द्वारा बीएनएस की धारा 296, 351(2), 115(2), 3(5) एवं आर्म्स एक्ट की धारा 25, 27 के तहत अपराध दर्ज कर आरोपियों की तलाश की जा रही थी। इस दौरान मुखबिर से मिली सूचना के बाद सीएसपी राहुल बंसल के नेतृत्व में पुलिस टीम ने नमनाकला झांझटपारा निवासी 19 वर्षीय सूर्या सोनवानी उर्फ लेदरी आ. घाना सोनवानी, खटिकपारा निवासी 27 वर्षीय गोपी चैधरी आ. शिवबली चैधरी व 24 रवि गुप्ता उर्फ गोलू आ. नन्दकिशोर गुप्ता को गिरफ्तार करने के साथ ही घटना में प्रयुक्त तलवार जब्त किया है। इस कार्रवाई में उनि केके यादव, प्रधान आरक्षक रजनीकांत मिश्रा, सियाराम मरावी, सतीश सिंह आरक्षक विवेक राय, नितिन सिन्हा, लालभुवन सिंह, अमित विश्वकर्मा सक्रिय रहे।

खबर संक्षेप

उच्च शिक्षा व यूजीसी का जागरूकता अभियान

अनूपपुर। फर्जी विश्वविद्यालयों और अवैध शिक्षण संस्थानों के जाल से विद्यार्थियों को बचाने के लिए मध्यप्रदेश शासन के उच्च शिक्षा विभाग ने विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी)के निर्देशों के तहत व्यापक जागरूकता अभियान शुरू किया है। प्रदेश के सभी शासकीय एवं निजी विश्वविद्यालयों, शासकीय/अशासकीय महाविद्यालयों और शैक्षणिक संस्थानों को इस संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं।

कलेक्टर ने समाप्त किया शिक्षकों का संलग्नीकरण

मनेन्द्रगढ़। जिले में शिक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने और स्कूलों में शिक्षकों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी सुश्री संतन देवी जांगड़े द्वारा बड़ा प्रशासनिक निर्णय लिया गया है। वर्ष 2025-26 में जिले के परीक्षा परिणामों की स्थिति संतोषजनक नहीं पाए जाने तथा स्कूलों में शिक्षकों की कमी को देखते हुए पूर्व में किए गए संलग्नीकरण को तत्काल प्रभाव से समाप्त कर दिया गया है। आदेश के तहत विभिन्न कार्यालयों एवं अन्य कार्यों में संलग्न शिक्षकों, व्याख्याताओं, सहायक शिक्षकों एवं प्रधान पाठकों को उनके मूल पदस्थापना स्थल पर वापस भेजा गया है।

बिजली मीटर से छेड़छाड़ करने पर होगी कार्रवाई

अनूपपुर। विद्युत विभाग ने उपभोक्ताओं को सचेत किया है कि यदि बिजली के मीटर या सर्विस लाइन में अनावश्यक छेड़छाड़ पाई जाती है, तो ऐसा करने वालों के विरूद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई होगी। विभाग ने अपील की है कि उपभोक्ता किसी भी शरारती तत्व के बहकावे में आकर मीटर में तोड़फोड़ न करें। विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 136 के अनुसार विभाग की अनुमति के बिना मीटर या इलेक्ट्रिक लाइन को हटाना या अन्यत्र लगाना विद्युत सामग्री की चोरी माना जाता है। इस अपराध के लिए दोषी को 3 वर्ष तक का कारावास, 10 हजार रूपए का जुर्माना या दोनों सजाओं से दंडित करने का प्रावधान है।

आज सभी ग्राम पंचायतों में विशेष ग्राम सभा

बैकुण्ठपुर। कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी श्रीमती रोक्तिमा यादव द्वारा जिले की सभी ग्राम पंचायतों में 16 मई को विशेष ग्राम सभा आयोजित करने के निर्देश जारी किए गए हैं। यह ग्राम सभा राज्य स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण एवं पंचायत राज अधिनियम 1993 के तहत आयोजित की जाएगी। कलेक्टर के निर्देशों की जानकारी देते हुए जिला पंचायत सीईओ डॉ.आशुतोष ने बताया कि ग्राम सभाओं में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2026 के संबंध में ग्रामीणों एवं जनप्रतिनिधियों को विस्तृत जानकारी दी जाएगी तथा इसके प्रभावी क्रियान्वयन पर चर्चा की जाएगी। साथ ही जनप्रतिनिधियों को नए नियमों से अवगत कराने के निर्देश भी जारी किए गए हैं। उन्होंने बताया कि ग्राम सभा में अधिक से अधिक लोगों की सहभागिता सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी ग्राम पंचायतों के सरपंच, पंच एवं सचिवों को दी गई है।

बच्चों के भविष्य से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं

मनेन्द्रगढ़। जिला कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में शुक्रवार को कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी सुश्री संतन देवी जांगड़े की अध्यक्षता में जिला शिक्षा विभाग की बोर्ड परीक्षा परिणाम समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले के हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी विद्यालयों के परीक्षा परिणाम, पूरक परीक्षा की तैयारी, स्कूलों की शैक्षणिक गुणवत्ता, विद्यार्थियों की उपस्थिति, शिक्षकों की जवाबदेही तथा आगामी शिक्षा सत्र की तैयारियों को लेकर विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में अपर कलेक्टर अनिल सिदार, अपर कलेक्टर नम्रता आनंद डोंगरे, जिला पंचायत सीईओ अंकिता सोम, जिला शिक्षा अधिकारी आरपी मीरे, भरतपुर विकासखंड शिक्षा अधिकारी सचिदानंद साहू, खड़गवां विकासखंड शिक्षा अधिकारी राम निवास मिश्रा, मनेन्द्रगढ़ विकासखंड शिक्षा अधिकारी विपिन कुमार पाण्डेय, बीआरसी, प्राचार्य तथा शिक्षा विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

रेल आपदा प्रबंधन टीम एवं राष्ट्रीय आपदा मोचन बल ने संयुक्त रूप से की मॉक ड्रिल

मनेन्द्रगढ़ स्टेशन यार्ड में ट्रेन दुर्घटना राहत और बचाव कार्य का अभ्यास

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़

आपदा के समय फ्रंट लाइन स्टाफ, रेल आपदा प्रबंधन टीम एवं स्थानीय नागरिक ही बचाव कार्य में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

इसी संदर्भ में रेलवे द्वारा अपने फ्रंट लाइन स्टाफ, रेल आपदा प्रबंधन टीम एवं स्थानीय नागरिकों को ट्रेन में होने वाली संभावित दुर्घटनाओं का प्रदर्शन कर उस आपातकालीन स्थिति में किए जाने वाले राहत व बचाव कार्य से संबंधित तरीकों को अभ्यास के माध्यम से प्रदर्शित करते हुए प्रशिक्षण दिए जाने की नियमित व्यवस्था है, इससे वे दुर्घटना के समय किए जाने वाले बचाव कार्य के तरीकों से अपडेट व अभ्यस्थ रहें व कम से कम समय में कुशलतापूर्वक राहत व बचाव कार्य कर सकें। साथ ही दुर्घटना राहत उपकरणों की कार्य पद्धति एवं रेलवे आपदा प्रबंधन टीम की तत्परता व क्रियाशीलता भी परखी जा सके। इसी कड़ी में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर मंडल द्वारा मनेन्द्रगढ़ स्टेशन यार्ड में 15 मई को प्रातः 10 बजे से सवारी गाड़ी में बम विस्फोट होने के कारण उत्पन्न हुई आपदा से निपटने के लिए किए जाने वाली बचाव व राहत कार्य का प्रदर्शन किया गया। इस प्रदर्शन में मनेन्द्रगढ़ स्टेशन यार्ड के पास स्पेशल ट्रेन (चिरमिरी-रीवा) के एक स्लीपर कोच में बम विस्फोट होने से 5 यात्रियों की मौत, 8 यात्रियों के गंभीर रूप से घायल, 7 यात्रियों के सामान्य रूप से घायल होने तथा कोच डिरेल होने और कोच में आग लगने की सूचना प्रसारित की गई। यह अभ्यास प्रदर्शन राष्ट्रीय आपदा मोचन बल की 11 वीं बटालियन, मंडल संरक्षा विभाग, रेल आपदा प्रबंधन टीम तथा सिविल डिफेंस द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इसमें स्काउट एंड गाइड टीम की भी सक्रिय सहभागिता रही। कोच में संदिग्ध पार्सल पेकेट देखे जाने की सूचना आरपीएफ तथा स्थानीय पुलिस विभाग को दी गई। सूचना मिलते ही आरपीएफ तथा स्थानीय पुलिस की टीम दलबल के साथ मौके पर पहुंची तथा डॉग स्क्वाड की सहायता से बम होने की पुष्टि करते हुए इसे डिस्पोज किया, इसके साथ ही दुर्घटना राहत यान एवं दुर्घटना राहत चिकित्सा यान के साथ मंडल रेल आपदा प्रबंधन टीम एवं राष्ट्रीय आपदा मोचन बल टीम तथा फायर ब्रिगेड की टीम द्वारा घटना स्थल पहुंच कर राहत व बचाव कार्य करने की पूरी प्रक्रिया को दिखाया गया।

इस दौरान एसईसीएल की माइंस की टीम द्वारा जीरो आक्सीजन क्षेत्र में जो कि धुएं से भरा हुआ कोच था, उसमें से अपने एक्सपर्ट के जरिए बचाव कार्य का प्रदर्शन किया गया। ग्रीन कॉरीडोर बनाकर एम्बुलेंस द्वारा गंभीर रूप से घायल यात्रियों को त्वरित चिकित्सा प्रदान करने के लिए रेलवे अस्पताल पहुंचाया गया। इस दौरान यह बताया गया कि ऐसी आपातकालीन स्थिति में कैसे पीड़ितों को सुरक्षित बाहर निकाला जाए एवं उनकी सहायता की जाए। साथ ही आग को बुझाने के विभिन्न तरीकों को भी जीवंत रूप में दिखाया गया। इस अभ्यास प्रदर्शन के माध्यम से किसी भी आपदा की स्थिति से निपटने के लिए राहत एवं बचाव कार्यों की गतिविधियों को भी दिखाया गया। इस दौरान सभी विभागों द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन किया गया। इस बम विस्फोट के कारण उत्पन्न हुई आपदा से निपटने के लिए किए जाने वाली बचाव व राहत कार्यों के तैयारियों की मानीटरिंग महाप्रबंधक के मार्गदर्शन में मुख्यालय वार रूम से अपर महाप्रबंधक व विभागाध्यक्षों द्वारा तथा मंडल वार रूम से मंडल रेल प्रबंधक व शाखाधिकारियों द्वारा की गई साथ ही यात्रियों को घटना की त्वरित व सटीक जानकारी प्रदान करने के लिए मंडल के वाणिज्य विभाग द्वारा मनेन्द्रगढ़, अंबिकापुर, कोतमा, बिलासपुर, अनूपपुर, उसलापुर, उमरिया, शहडोल सहित सभी प्रमुख स्टेशनों में आई हेल्प यू बूथ तथा हेल्पलाइन नंबर भी जारी किए गए। अभ्यास प्रदर्शन के दौरान लगाए गए प्राथमिक उपचार केन्द्र, पूछताछ केन्द्र, सहायता केन्द्र व सभी राहत स्टालों का अधिकारियों द्वारा निरीक्षण किया गया, साथ ही रेलवे के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा उपस्थित नागरिकों को आपदा के समय की जाने वाली राहत व बचाव कार्यों की जानकारी दी गई। इस अवसर पर स्थानीय मीडिया के प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे। इस संयुक्त अभ्यास प्रदर्शनी में संरक्षा विभाग, सिविल डिफेंस, स्काउट-गाइड, सेंट जोन्स ऐंबुलेंस, आर्ट स्टाफ, आरपीएफ वाणिज्य विभाग, चिकित्सा विभाग सहित सभी विभाग के कर्मचारियों द्वारा विशिष्ट योगदान दिया गया।

चहरीपारा में बरगद वृक्ष के पास की जा रही साफ-सफाई।

वट सावित्री व्रत आज, सुहागिन महिलाएं करेंगी अखंड सौभाग्य की कामना

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

सनातन धर्म में पति की दीर्घायु और अखंड सौभाग्य के लिए रखा जाने वाला पावन वट सावित्री व्रत 16 मई को श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया जाएगा। इस अवसर पर सुहागिन महिलाएं सुबह से निर्जला व्रत रखकर बरगद (वट) वृक्ष की पूजा-अर्चना करेंगी तथा सावित्री-सत्यवान की कथा सुनेंगी।

■ बरगद वृक्ष की करेंगी पूजा-अर्चना

शहर के कचहरीपारा समेत अन्य पूजा स्थलों में विशेष तैयारियां की गई हैं तथा बाजारों में पूजा सामग्री की खरीदारी को लेकर रौनक बढ़ गई है। धार्मिक मान्यता के अनुसार वट वृक्ष में ब्रह्मा, विष्णु और महेश का वास माना जाता है। महिलाएं वट वृक्ष के चारों ओर धागा बांधकर पति की लंबी उम्र, सुख-समृद्धि और परिवार की खुशहाली की कामना करेंगी। कई स्थानों पर सामूहिक पूजा और कथा वाचन का आयोजन भी किया जाएगा। पुरोहितों के अनुसार इस वर्ष वट सावित्री व्रत का विशेष महत्व माना जा रहा है।

मनेन्द्रगढ़ उपजेल रिश्वत मामला : प्रहरी निलंबित, जांच जारी

मनेन्द्रगढ़। उपजेल मनेन्द्रगढ़ में पदस्थ प्रहरी संतोष तिवारी द्वारा पैसे लेने के मामले में प्रशासन ने सख्त कार्रवाई करते हुए उन्हें निलंबित कर दिया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए केंद्रीय जेल अंबिकापुर से पहुंचे अधीक्षक द्वारा पूरे प्रकरण की जांच की जा रही है। जानकारी के अनुसार, हाल ही में प्रहरी संतोष तिवारी का एक पुराना वीडियो सोशल मीडिया ने सामने आया था, जिसमें वह कथित रूप से पैसे लेते दिखाई दे रहे थे। वीडियो वायरल होने के बाद जेल प्रशासन में हड़कंप मच गया और तत्काल जांच के निर्देश दिए गए। जांच के दौरान बंदी के परिजन को भी बुलाकर जानकारी ली गई है। अधिकारियों द्वारा यह पता लगाया जा रहा है कि किन परिस्थितियों में पैसे का लेन-देन हुआ और मामले में अन्य किसी की संलिप्तता तो नहीं है। बताया जा रहा है कि वायरल वीडियो में प्रहरी एक महिला से रकम लेते नजर आ रहा था, जिसके बाद बंदियों को सुविधा देने एवं अवैध वसूली के आरोप सामने आए हैं। मामले के उजागर होने के बाद जेल प्रशासन की कार्यप्रणाली पर भी सवाल खड़े हो गए हैं। फिलहाल केंद्रीय जेल अंबिकापुर से आए अधीक्षक द्वारा जांच जारी है। जांच रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई किए जाने की बात कही जा रही है।

20 को देशभर में दवा व्यापार रहेगा बंद

मरीजों से पहले दवाइयां लेने की अपील

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

कोरिया जिला औषधि विक्रेता संघ ने बताया कि ऑल इंडिया ऑर्गेनाइजेशन ऑफ केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट के आह्वान पर 20 मई को देशभर के लगभग 12.40 लाख केमिस्ट्स एवं ड्रगिस्ट्स एक दिवसीय राष्ट्रव्यापी दवा व्यापार बंद रखेंगे।

■ विक्रेता संघ ने आंदोलन को सफल बनाने लोगों से सहयोग मांगा

संघ के अनुसार यह आंदोलन केवल व्यापारिक हितों तक सीमित नहीं है, बल्कि जनस्वास्थ्य, मरीज सुरक्षा एवं देशहित से जुड़ा अत्यंत गंभीर विषय है। बताया गया कि वर्तमान में ऑनलाइन फार्मेसी एवं ऑनलाइन दवा विक्रय जिस प्रकार अनियंत्रित रूप से बढ़ रहा है, वह भविष्य में देश की स्वास्थ्य व्यवस्था के लिए गंभीर खतरा बन सकता है। कोरिया जिला औषधि विक्रेता संघ के अध्यक्ष शैलेष गुप्ता ने कहा कि ड्रग्स एंड कॉस्मेटिक्स एक्ट एवं उससे जुड़े नियम उस समय बनाए गए थे, जब ऑनलाइन फार्मेसी जैसी व्यवस्था अस्तित्व में नहीं थी। वर्तमान कानूनों में डिजिटल माध्यम से दवा वितरण, मरीज सत्यापन, प्रिस्क्रिप्शन ऑथेंटिकेशन तथा डेटा सुरक्षा को लेकर पर्याप्त एवं स्पष्ट प्रावधानों का अभाव दिखाई देता है। उन्होंने आम जनता से अपील की है कि किसी भी प्रकार की असुविधा से बचने के लिए दैनिक एवं अनिवार्य उपयोग में आने वाली दवाइयों की व्यवस्था 20 मई से पूर्व ही सुनिश्चित कर लें तथा जनहित से जुड़े इस आंदोलन को सफल बनाने में सहयोग प्रदान करें।

श्रमिकों के लिए संजीवनी बनीं शासकीय योजनाएं

अनूपपुर। प्रदेश के पंजीकृत निर्माण श्रमिकों और उनके परिवारों के जीवन स्तर को ऊंचा उठाने के लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश सरकार द्वारा व्यापक कल्याणकारी कदम उठाए जा रहे हैं। श्रम विभाग और विभिन्न बोर्ड्स के माध्यम से अब श्रमिकों को जन्म से लेकर वृद्धावस्था तक हर कदम पर आर्थिक संबल प्रदान किया जा रहा है। इनमें प्रसूति सहायता 16 हजार रूपए, बेटियों के विवाह के लिए अनुदान 49 हजार रूपए और 5 लाख रूपए तक का निःशुल्क चिकित्सा लाभ शामिल है, श्रमिकों के बच्चों को वैश्विक स्तर की शिक्षा देने के लिए विदेश अध्ययन योजना के तहत 40 हजार डॉलर तक की सहायता प्रदान की जाती है।

गर्ल्स कॉलेज में कैरियर गाइडेंस प्रोग्राम

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय में शुक्रवार को प्राचार्य डॉ.आरएन कच्छप के निर्देशन एवं आईक्यूएसी के तत्वावधान में कैरियर गाइडेंस प्रोग्राम का सफल आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के छायाचित्र के समक्ष पुष्पार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। कार्यक्रम में आईक्यूएसी प्रभारी भारत सिंह ने स्वागत उद्बोधन प्रस्तुत करते हुए कार्यक्रम की रूपरेखा एवं उसके महत्व पर प्रकाश डाला। मुख्य वक्ता के रूप में बैकुंठपुर स्थित सिविल लक्ष्य एकेडमी के डायरेक्टर विनय गुप्ता

ने छात्राओं को प्रशासनिक सेवा सहित विभिन्न क्षेत्रों में उपलब्ध कैरियर अवसरों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने लकड़हारे की प्रेरणादायक कहानी के माध्यम से छात्राओं को तीक्ष्ण कौशल, लगन, परिश्रम एवं स्मार्ट तैयारी के महत्व को समझाया। अपने संबोधन में उन्होंने यूपीएससी एवं सीजीपीएससी परीक्षाओं के विभिन्न चरणों की विस्तारपूर्वक जानकारी देते हुए तैयारी की रणनीति साझा की। साथ ही एथिक्स से जुड़े विभिन्न प्रश्नों के माध्यम से छात्राओं के ज्ञान का परीक्षण भी किया। विशिष्ट वक्ता के रूप में एएसपी इंस्टीट्यूट की डायरेक्टर डॉ.सुनीता यादव ने प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता के आवश्यक सूत्रों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता, बल्कि कठिन परिश्रम, लगन और निष्ठा से ही सफलता प्राप्त की जा सकती है। कार्यक्रम का संचालन रसायन शास्त्र की अतिथि व्याख्याता डॉ. रिचा श्रीवास्तव ने किया, जबकि आभार प्रदर्शन वनस्पति शास्त्र के सहायक प्राध्यापक वरूण कुशवाहा द्वारा किया गया। कार्यक्रम में सहायक प्राध्यापक, कर्मचारी सहित काफी संख्या में छात्राएं उपस्थित रहीं।

अवैध बिजली कनेक्शन से लगा करंट, ग्रामीण की मौत

बैकुण्ठपुर। जिले के पोड़ी बचरा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सांवला में खेत-बाड़ी में काम करते समय करंट लगने से एक ग्रामीण की मौत हो गई। मामले की जांच में मृतक द्वारा बिजली पोल से अवैध रूप से डायरेक्ट कनेक्शन जोड़ना सामने आया है।

पुलिस ने मर्ग जांच के बाद अपराध पंजीबद्ध कर लिया है। थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम सांवला निवासी जयनंदन कुजूर अपने खेत-बाड़ी में भैंसा नागर से हल चलाकर जोताई-बोवाई कर रहे थे। इसी दौरान खेत में लगे बिजली तार का पुराना लकड़ी का खूंटा भैंसा की जुआ से टकराकर टूट गया, जिससे बिजली तार मृतक के ऊपर गिर पड़ा और करंट लगने से वह मौके पर ही बेहोश हो गए। तत्काल उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पोंडी बचरा ले गए, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। जांच के दौरान विद्युत विभाग से प्राप्त जानकारी में यह पाया गया कि मृतक द्वारा बिजली पोल से अवैध तरीके से सीधे बिजली कनेक्शन लिया गया था। मामले में भारतीय विद्युत अधिनियम (संशोधन) 2003 की धारा 135 एवं भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) 2023 की धारा 106 के तहत अपराध दर्ज कर जांच की जा रही है।

भू-सर्वेक्षणः अपडेट होंगे राजस्व रिकॉर्ड

मनेन्द्रगढ़। जिले में असर्वेक्षित भूमि के भू-सर्वेक्षण की प्रक्रिया प्रारंभ होने जा रही है। भू-अभिलेख शाखा द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार तहसील मनेन्द्रगढ़ के विभिन्न क्षेत्रों में सर्वेक्षण कार्य जल्द शुरू होगा। प्रशासन द्वारा भूमि अभिलेखों को व्यवस्थित करने और राजस्व रिकॉर्ड को अद्यतन करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है। जारी आदेश के अनुसार छग शासन राजपत्र में प्रकाशित अधिसूचना के तहत मनेन्द्रगढ़ पटवारी हल्का नंबर 16 अंतर्गत ग्राम नई लेदरी पटवारी हल्का नंबर 15 के ग्राम तेंदुडांड, गिद्धडांड, झगराखांड एवं हसदेव नदी की सीमा के मध्य स्थित असर्वेक्षित भूमि का भू-सर्वेक्षण किया जाएगा। इसके लिए विभागीय स्तर पर सर्वेक्षण दल का गठन कर दिया गया है, जो संबंधित क्षेत्रों में जाकर सीमांकन, अभिलेख सत्यापन एवं अन्य तकनीकी कार्य संपादित करेगा।

सूने मकान का ताला तोड़कर चोरी, कीमती सामान पार

बैकुण्ठपुर। जिले के सोनहत थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सलगवांकला में अज्ञात चोरों द्वारा सूने मकान का ताला तोड़कर चोरी किए जाने का मामला सामने आया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार सेवानिवृत्त शिक्षक सुरेन्द्र नाथ तिवारी का मकान त्रिलोकी साहू के घर के पास स्थित है। वे पारिवारिक कारणों से बैकुण्ठपुर में रहते हैं तथा बीच-बीच में अपने गांव आते-जाते रहते हैं। बताया गया कि 5 अप्रैल को जब वे अपने घर आए थे तब घर का सामान एवं ताले सुरक्षित अवस्था में थे। इसके बाद बीते दिवस बैकुण्ठपुर से वापस सोनहत पहुंचने पर घर के भीतर का सामान अस्त-व्यस्त मिला। जांच करने पर पीछे के दरवाजे सहित अन्य कमरों के ताले टूटे हुए पाए गए तथा खिड़की की जाली भी क्षतिग्रस्त मिली। चोरों ने घर के भीतर रखी पेटी और दीवान का ताला तोड़कर उसमें रखे कीमती सामान पर हाथ साफ कर दिया। पीड़ति ने मामले की शिकायत पुलिस थाना सोनहत में दर्ज कराई है। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 305 एवं 331(4) के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

करोड़ों की लागत से बने रिसॉर्ट और कैंटीन की शुरूआत

घुनघुट्टा बांध किनारे पर्यटन को मिली नई पहचान, लुभा रहा प्राकृतिक सौंदर्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

कोरिया जिले के सोनहत मुख्यालय से लगभग 5 किमी दूर स्थित घुनघुट्टा बांध अब पर्यटन के नए केन्द्र के रूप में उभरकर सामने आ रहा है। प्राकृतिक सौंदर्य से घिरे इस क्षेत्र में पर्यटन विभाग द्वारा करोड़ों रूपए की लागत से आधुनिक रिसॉर्ट और कैंटीन का निर्माण कराया गया है, जिसकी सेवाएं अब पर्यटकों के लिए शुरू हो चुकी हैं।

घने जंगलों और विशाल जलाशय के बीच विकसित यह पर्यटन स्थल अपनी मनमोहक खूबसूरती से लोगों को आकर्षित कर रहा है। यहं बनाए गए आकर्षक कॉटेज पर्यटकों के लिए खास आकर्षण का केन्द्र बने हुए हैं। गर्मी के मौसम में बड़ी संख्या में लोग यहां पहुंचकर शांत वातावरण और प्राकृतिक नजारों का आनंद ले रहे हैं। बांध

घुनघुटा में बना रिसॉर्ट।

का शांत किनारा, हरियाली से घिरा परिवेश और शुद्ध हवा लोगों को सुकून का एहसास करा रही है। पर्यटन विभाग द्वारा संचालित केंटीन में पर्यटकों के लिए विभिन्न प्रकार के स्वादिष्ट व्यंजन उपलब्ध कराए जा रहे हैं। बेहतर सेवाएं देने के उद्देश्य से प्रशिक्षित कुक और प्रबंधन टीम की तैनाती की गई है। वहीं सुरक्षा और व्यवस्थाओं के लिए गार्ड सहित 6 से 7 कर्मचारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है।

पर्यटक यहां बने खूबसूरत कॉटेज और बांध के मनोरम दृश्यों के साथ सेल्फी लेने के अलावा परिवार और मित्रों के साथ गुणवत्तापूर्ण समय बिता रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस परियोजना से क्षेत्र में रोजगार के अवसर बढ़ेंगे और सोनहत क्षेत्र पर्यटन मानचित्र पर नई पहचान बनाएगा। प्राकृतिक सौंदर्य और शांत वातावरण से भरपूर घुनघुट्टा बांध अब प्रकृति प्रेमियों और सुकून की तलाश कर रहे लोगों के लिए बेहतरीन पर्यटन स्थल बनता जा रहा है। आने वाले समय में यह स्थान कोरिया जिले के प्रमुख पर्यटन केन्द्रों में अपनी खास पहचान बना सकता।

ट्रांसफार्मर खराबी से अंधेरे में डूबी बस्ती में बहाल हुई बिजली

जशपुरनगर। भीषण गर्मी के बीच ग्राम मटासी की बस्ती में ट्रांसफार्मर खराब होने से लगभग 21 घंटे तक बिजली आपूर्ति ठप रही, जिससे पूरा गांव अंधेरे में डूबा रहा।

बिजली बाधित होने के कारण पेयजल व्यवस्था भी पूरी तरह प्रभावित हो गई थी और ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। मामले की जानकारी जैसे ही मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय तक पहुंची, उन्होंने तत्काल संज्ञान लेते हुए संबंधित अधिकारियों को शीघ्र कार्रवाई के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री के निर्देश पर विभागीय टीम ने तेजी से कार्य करते हुए नया ट्रांसफार्मर स्थापित किया और बिजली आपूर्ति को बहाल किया।बिजली व्यवस्था पुनः शुरू होते ही गांव में रोशनी लौट आई और पेयजल आपूर्ति भी सामान्य हो गई, जिससे ग्रामीणों को बड़ी राहत मिली। लंबे समय से समस्या झेल रहे ग्रामीणों के चेहरे पर संतोष और खुशी स्पष्ट नजर आई। ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री की संवेदनशीलता और त्वरित कार्यवाही की सराहना करते हुए उनके प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि समय पर हुई इस कार्रवाई से यह स्पष्ट होता है कि सरकार जनता की समस्याओं के समाधान के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। यह घटना दर्शाती है कि शासन प्रशासन स्तर पर जनहित सर्वोपरि है। जनता की समस्या का निराकरण ही सरकार की प्राथमिकता है, इस सिद्धांत को धरातल पर प्रभावी ढंग से लागू किया जा रहा है।

■ पेयजल व्यवस्था भी हुई सुचारु

खबर संक्षेप

शराबी ने टांगी से प्राणघात हमला कर सब्जी व्यवसायी को उतारा मौत के घाट

अम्बिकापुर। शराब के नशे में धुत ग्रामीण ने न सिर्फ सब्जी व्यवसायी से गाली गलौज किया बल्कि अपने पास रखे टांगी से व्यवसायी के गर्दन पर प्राणघात हमला कर दिया। मारपीट से गंभीर हुए सब्जी व्यवसायी को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत सब्जी व्यवसायी को मृत घोषित कर दिया। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार रघुनाथनगर निवासी राम प्रसाद आ. राम किशुन (50 वर्ष) साप्ताहिक बाजार में सब्जी बेचता है। गत दिन जनकपुर साप्ताहिक बाजार में बाइक से सब्जी बेचने गया था। बाजार में सब्जी को रख कर बाइक से जाने लगा तभी जनकपुर निवासी बधू सिंह आ. रामशरण सिंह नामक ग्रामीण जो शराब के नशे में धुत था। पहले सब्जी व्यवसायी विवाद किया फिर अपने पास रखे टांगी से उसके गर्दन पर प्राणघात हमला कर दिया। टांगी के वार से सब्जी व्यवसायी राम प्रसाद गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना को देख बाजार में मौजूद लोगों ने उसे तत्काल स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने घायल की नाजुक हालत को देख प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत सब्जी व्यवसायी को मृत घोषित कर दिया। इधर सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द कर अग्रिम कार्रवाई के लिए डायरी संबंधित थाने में भेजने की तैयारी में है।

पेड़ गिरने से दबा वृद्ध, उपचार के दौरान हुई मौत

अम्बिकापुर। बगीचा थाना अंतर्गत ग्राम जबला निवासी सुखदेव राम आ. रूगंटू राम (63 वर्ष) बुधवार की सुबह घर के पास पुराने मुनगा पेड़ में स्पोट के लिए लगाए गए सीढ़ी को हटा रहा था। जैसे ही वृद्ध सीढ़ी को हटाया तभी मुनगा पेड़ वृद्ध पर ही गिर गया जिससे पेड़ के नीचे वृद्ध दब गया। इधर परिजन ने वृद्ध को पेड़ के नीचे दबा देख किसी तरह उसे बाहर निकाला और बगीचा अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने वृद्ध की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां गुरूवार की सुबह वृद्ध की उपचार के दौरान मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

अब प्रत्येक मंगलवार को टीएल मीटिंग और जनदर्शन

बैकुण्ठपुर। कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी श्रीमती रोक्तिमा यादव के निर्देशानुसार कलेक्ट्रेट कार्यालय में आयोजित होने वाली समय-सीमा की बैठक अब प्रत्येक मंगलवार को संपन्न होगी। इसी क्रम में कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित जनदर्शन कार्यक्रम भी अब मंगलवार को समय-सीमा की बैठक समाप्त होने के बाद आयोजित किया जाएगा। जिला कलेक्ट्रेट कोरिया द्वारा आम नागरिकों की समस्याओं एवं शिकायतों के त्वरित निराकरण के उद्देश्य से आयोजित किए जाने वाले जनदर्शन कार्यक्रम के समय में आंशिक परिवर्तन किया गया है। जिला प्रशासन से मिली जानकारी के अनुसार इस व्यवस्था का उद्देश्य आमजन की समस्याओं का अधिक प्रभावी एवं त्वरित निराकरण सुनिश्चित करना है। जनदर्शन कार्यक्रम में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आने वाले नागरिक अपनी व्यक्तिगत, सामाजिक, सार्वजनिक एवं राजस्व संबंधी समस्याओं, मांगों और शिकायतों को सीधे प्रशासन के समक्ष रख सकेंगे। कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम में संबंधित विभागों के अधिकारी भी उपस्थित रहेंगे, ताकि प्राप्त आवेदनों एवं शिकायतों पर तत्काल आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।

मुख्य न्यायाधीश रमेश सिन्हा जुड़े वर्चुअल

मनेन्द्रगढ़ में कुटुम्ब न्यायालय भवन एवं न्यायिक आवासीय कॉलोनी का भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर

छग उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश रमेश सिन्हा ने शुक्रवार को मनेन्द्रगढ़ स्थित सिविल कोर्ट परिसर में नवीन कुटुम्ब न्यायालय भवन तथा जनकपुर में न्यायिक कर्मचारियों के लिए निर्मित होने वाली आवासीय कॉलोनी का वर्चुअल माध्यम से भूमिपूजन एवं शिलान्यास किया।

इस अवसर पर न्यायपालिका, प्रशासन एवं अधिवक्ता संघ से जुड़े अधिकारी, अधिवक्तागण तथा काफी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य न्यायाधीश रमेश सिन्हा ने कहा कि छग के सभी न्यायिक जिलों में सुदृढ़ अधोसंरचना एवं आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में लगातार कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि न्यायिक व्यवस्था को प्रभावी एवं सुचारू बनाने के लिए आधुनिक भवन, सर्वसुविधायुक्त कार्यालय तथा कर्मचारियों के लिए बेहतर आवासीय सुविधाएं अत्यंत आवश्यक हैं। इन सुविधाओं का सीधा लाभ न्यायपालिका से जुड़े हितधारकों के साथ आम नागरिकों को भी मिलेगा। मुख्य न्यायाधीश ने निर्माण कार्यों को गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करने पर विशेष जोर देते हुए कहा कि न्याय वितरण प्रणाली को मजबूत बनाने के लिए बुनियादी ढांचे का सशक्त होना आवश्यक

है। उन्होंने मनेन्द्रगढ़ में बनने वाले कुटुम्ब न्यायालय भवन एवं जनकपुर स्थित कर्मचारी आवासों को न्यायिक क्षेत्र के विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया। इस अवसर पर पार्थ प्रतीम साहू भी वर्चुअल माध्यम से कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश बैकुंठपुर द्वारा स्वागत उद्बोधन प्रस्तुत किया गया, वहीं प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय मनेन्द्रगढ़ ने आभार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का संचालन न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी बैकुंठपुर द्वारा किया गया। समारोह में कलेक्टर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, अनुविभागीय दंडाधिकारी, लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन अभियंता, जिला अधिवक्ता संघ मनेन्द्रगढ़ एवं बैकुंठपुर के पदाधिकारी, अधिवक्तागण, न्यायिक कर्मचारी तथा काफी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान न्यायिक अधोसंरचना विस्तार से संबंधित विस्तृत जानकारी भी साझा की गई। बताया गया कि नवीन कुटुम्ब न्यायालय भवन के निर्माण से पारिवारिक मामलों के त्वरित एवं व्यवस्थित निराकरण में सहायता मिलेगी, वहीं जनकपुर में बनने वाली आवासीय कॉलोनी से न्यायिक कर्मचारियों को बेहतर आवासीय सुविधा उपलब्ध होगी। इससे न्यायिक कार्यों के संचालन में और अधिक दक्षता आएगी। मुख्य न्यायाधीश रमेश सिन्हा ने कहा कि न्यायपालिका केवल न्याय प्रदान करने का माध्यम नहीं, बल्कि समाज में विश्वास एवं संवैधानिक मूल्यों को मजबूत करने वाली संस्था है। उन्होंने कहा कि राज्य में न्यायिक सेवाओं को तकनीकी रूप से भी सशक्त किया जा रहा है, ताकि आम नागरिकों को शीघ्र एवं पारदर्शी न्याय मिल सके। कार्यक्रम में उपस्थित अधिवक्ताओं एवं न्यायिक अधिकारियों ने इस पहल का स्वागत करते हुए कहा कि नए भवन एवं आवासीय सुविधाओं से न्यायिक कार्य संस्कृति को मजबूती मिलेगी तथा दूरस्थ क्षेत्रों में कार्यरत कर्मचारियों को भी बेहतर वातावरण प्राप्त होगा। समारोह के अंत में न्यायिक व्यवस्था को अधिक जनहितैषी एवं सुलभ बनाने का संकल्प दोहराया गया। कार्यक्रम गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ।

बैजनाथपुर जलाशय जीर्णोद्धार का रास्ता खुला

हरिभूमि न्यूज ⏭ सलका-अधिना

विकासखंड भैयाथान के ग्राम पंचायत बैजनाथपुर में डैम का जीर्णोद्धार व मरम्मत कार्य के लिए छत्तीसगढ़ शासन द्वारा 2 करोड़ 22 लाख 79 हजार रुपए की स्वीकृति मिली है। जल संसाधन विभाग और ठेकेदार की कार्य प्रणाली और उनके द्वारा किए जा रहे कार्य को लेकर ग्रामीण काफी नाराज थे और ग्रामीण एकजुट होकर ठेकेदार के मनमाने काम को लेकर विगत कुछ दिनों से काम को बंद करवा दिया गया था।

■ एसडीएम के आश्वासन पर कल से होगा काम शुरू

ग्रामीणों कहना था कि जो राशि जारी हुई है उसमें गहरीकरण कम पानी के जलाशय से निकासी और मरम्मत में ज्यादा खर्च दिखाया गया है। साथ ही एसईसीएल भटगांव खदान की मिट्टी को जलाशय में पाट दिया है जिससे जल ग्रहण की क्षमता कम हो चुकी है। इधर एसईसीएल सब एरिया इंचार्ज मंगल राम द्वारा मौके पर मुआयना कर ग्रामीणों को आश्वासन दिया गया की एस्टीमेट बनाकर ग्राम पंचायत से पास कर हमें दें तो अलग से जो राशि लगती है उस राशि को लगाकर गहरीकरण का कार्य किया जाएगा। इसी संबंध में भैयाथान एसडीएम चांदनी कंवर, तहसीलदार शिवनारायण राठीया, जल संसाधन विभाग के एसडीओ इंजीनियर मौके पर पहुंच बांध का जायजा लिया। एसडीएम ने ग्रामीण और जल संसाधन विभाग सहित ठेकेदार के आपसी समझाइश कर के कल से काम शुरू करने की बात कही।

खबर का असर

हेल्थ प्लस

तेज डायग्नोस्टिक सेंटर में विशेषज्ञ चिकित्सक कल

अम्बिकापुर। तेज डायग्नोस्टिक एवं माता राजरानी मेमोरियल हॉस्पिटल में रविवार 17 मई 2026 को मस्तिष्क एवं नस रोग विशेषज्ञ डॉ.अमित जैन, मनोरोग रोग विशेषज्ञ डॉ.गौरी शंकर सिंह, पेट एवं आंत रोग विशेषज्ञ डॉ.संजय कुमार अग्रवाल, किडनी रोग विशेषज्ञ डॉ.करण सराफ, बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन डॉ.रितेश रंजन, मस्तिष्क रोग विशेषज्ञ डॉ.सुशांत संबंधित रोगों से पीड़ित मरीजों के उपचार हेतु एवं परामर्श के लिए तेज डायग्नोस्टिक सेंटर एवं माता राजरानी मेमोरियल हॉस्पिटल, जोड़ा तालाब के सामने बाबूपारा अम्बिकापुर में उपलब्ध रहेंगे।

चोर पहरी घाट में होगा घाट कटिंग कार्य, अधिकारियों ने जताई सहमति

रामानुजगंज। रामानुजगंज स्थित नेशनल हाईवे 343 के चोर पहरी घाट में बिना घाट कटिंग के सड़क निर्माण कराए जाने को लेकर जनप्रतिनिधियों ने गंभीर आपत्ति जताई। मामले की जानकारी मिलने पर नगर पालिका अध्यक्ष रमन अग्रवाल, वरिष्ठ भाजपा नेता अरुण केसरी, शैलेश गुप्ता, समाजसेवी राकेश गुप्ता सहित अन्य जनप्रतिनिधि मौके पर पहुंचे और नेशनल हाईवे अधिकारियों से चर्चा की। जनप्रतिनिधियों ने अधिकारियों को अवगत कराया कि यदि घाट कटिंग नहीं की गई तो पूर्व की तरह सड़क दुर्घटनाओं का खतरा बना रहेगा। उन्होंने चोर पहरी घाट में सुरक्षित यातायात के लिए घाट कटिंग को अनिवार्य बताते हुए तत्काल कार्रवाई की मांग की। जनप्रतिनिधियों की बातों को गंभीरता से लेते हुए नेशनल हाईवे अधिकारियों ने वस्तुस्थिति का निरीक्षण किया और घाट कटिंग कराने पर सहमति जताई। इसके बाद घाट कटिंग का कार्य तेजी से शुरू करा दिया गया है। नगर पालिका अध्यक्ष रमन अग्रवाल ने बताया कि पहले घाट क्षेत्र में आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती थीं। ऐसे में यदि घाट कटिंग नहीं की जाती तो भविष्य में भी दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती। उन्होंने कहा कि जनहित और सड़क सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए यह कार्य बेहद आवश्यक था।

कृति नारी साहित्य समिति ने फुलवारी विषय पर की गोष्ठी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

चोपड़ापारा स्थित संध्या सिंह के निवास पर कृति नारी साहित्य समिति द्वारा फुलवारी विषय पर गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस गोष्ठी में वरिष्ठ साहित्यकार बबन पांडेय भी शामिल हुए। मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर सीमा तिवारी द्वारा वंदना गायन किया गया जिसके बाद श्रीमती राज पांडे द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया।

इस दौरान श्रीमती संध्या सिंह ने अपनी प्रस्तुति में कहा हंसती, मुस्कुराती मुझसे बातें करती है फुलवारी, वहीं कांति पांडे ने गद्य में अपनी शाला के नन्हें बच्चों में हर फूल की कल्पना और स्वयं को जिम्मेदार मालिनिया निरूपित कर मन मोह लिया। संतोषी चंदेल गुड़िया ने गीत में पिरोकर गाकर सुनाया किस्म-किस्म के फूल खिले हैं, जो देखे बस कह दे वाह, आंगन खिलती है फुलवारी, बच्चों जैसी है परवाह। गीता तिवारी ने फुलवारी की तुलना तिरंगे की शान से की वहीं उमा वर्मा ने बाग बाग हो उठे कलेजा, देख के आंगन की फुलवारी, कह सुंदर सृजन से मन मोह लिया। सरिता सिंह ने अपनी प्रस्तुति में हर फूल हमें जीना सिखाता है, खुशबू बनाए रखना सिखाता है का संदेश दिया। आशा उपाध्याय ने कृति समिति को भी

एक फुलवारी निरूपित कर उस छाया में सौंदर्य और वैचारिक सुगंध का दृश्य खींच सभी को अचंभित कर दिया। रूही ग़जाला ने संभल के जाना फुलवारी में फूलों के संग कांटे हैं। सीमा तिवारी ने फुलवारी पर गीत सुनाने के बाद मां पर भोजपुरी में सुमधुर गीत प्रस्तुत किया। समिति की अध्यक्ष माधुरी जायसवाल ने कृति समिति भी फुलवारी है, सभी फूल नायाब की सुंदर प्रस्तुति दी। अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में संध्या सिंह ने विशिष्ट अतिथि साहित्यकार बबन पांडेय के साथ सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। श्रीमती गीता दुबे ने आज सरसों के हाथ पीले हुए की प्रस्तुति दी। मंजू सिंह ने माता का सुमधुर भजन सुनाया। पूनम शुक्ला ने संस्था के उद्देश्य की प्रशंसा करते हुए कृति को भी फुलवारी ही निरूपित किया। मुख्य अतिथि श्री बबन जी पांडे ने समिति सदस्यों की रचनाधर्मिता की भूरी भूरी प्रशंसा करते हुए प्रस्तुतिकरण को और भी प्रभावशाली बनाने की आवश्यकता पर बल दिया। कार्यक्रम का संचालन माधुरी जायसवाल ने किया। इस दौरान निर्मला श्रीवास्तव, सुशीला वर्मा, उपमा पांडे, मंजू पांडे, प्रभा मिश्रा, फूलमती सिंह, कविता सिंह, स्मिता सिंह, शशि सिंह, प्रकाश कश्यप सहित बड़ी संख्या में श्रोता उपस्थित रहे।

फर्जी निवास प्रमाण पत्र बनवाकर सीआरपीएफ में हासिल की नौकरी

बलरामपुर। फर्जी व कूटरचित दस्तावेजों के आधार पर निवास प्रमाण पत्र बनवाकर सीआरपीएफ में भर्ती का मामला सामने आया है। फर्जी दस्तावेजों के आधार पर नियुक्ति पाने वाले आरक्षक को सीआरपीएफ से बर्खास्त कर दिया गया और अब पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है जबकि उसके इस कृत्य में शामिल अन्य आरोपियों की तलाश जारी है।

■ शिकायत के बाद बर्खास्त, पुलिस ने किया गिरफ्तार

बताया जा रहा है कि तहसीलदार बलरामपुर ने कोतवाली थाना में शिकायत दर्ज कराई थी कि जगदलपुर करनपुर सीआरपीएफ 204 कोबरा बटालियन में पदस्थ आरक्षक सुमित आ. अचल सिंह द्वारा ई डिस्ट्रिक्ट पोर्टल के माध्यम से विशाल सोनी आ. स्व. सुरेश सोनी के शैक्षणिक दस्तावेजों तथा अन्य आवश्यक दस्तावेजों में कुटरचना कर सुमित आ. अचल सिंह का नाम का उल्लेख कर स्थानीय निवासी प्रमाण पत्र हेतु आवेदन प्रस्तुत किया और स्थानीय निवासी प्रमाण पत्र जारी करवाया लिया। आरोपी इसके पूर्व सुमित सिंह द्वारा सीआरपीएफ में कांस्टेबल के पद पर नियुक्ति हेतु भी कूटरचित स्थानीय निवासी प्रमाण पत्र प्रस्तुत नियुक्ति हासिल की गई। इस मामले में पुलिस द्वारा जांच की जा रही थी। इस बीच सीआरपीएफ ने भी आरक्षक को फर्जी दस्तावेजों से नौकरी हासिल करने के मामले में बर्खास्त कर दिया जिसके बाद पुलिस ने आरोपी सुमित सिंह को सीआरपीएफ कोबरा बटालियन से गिरफ्तार किया गया। आरोपी ने पूछताछ में अपना जुर्म कबूल कर लिया। इस मामले में पुलिस ने आरोपी को बीएनएस की धारा 318(2), 319(2), 336(3), 340(2), 61(2)(a), 338 एवं सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम की धारा 66(सी), 66(डी) के तहत गिरफ्तार कर लिया है।

न्यायालय तहसीलदार अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा (छ.ग.)
रा.प्र.क्र. 202505020700043/ब-121/2024-25

प्रस्तावित नक्शा का अंतिम ईश्तहार प्रकाशन

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि इस न्यायालय के रा.प्र.क्र. 202505020700043/ब-121/2024-25 समर बहादुर सिंह प्रति छ.ग. शासन में ग्राम बिशुनपुर स्थित खसरा नबर 1/240, 168/1 रकबा क्रमशः 0.082, 0.311 है. भूमि का नक्शा बटांकन कर राजस्व निरीक्षक के माध्यम से मंगाया गया। जिसका अंतिम प्रकाशन कराया जा रहा है। अतः उक्त नक्शा बटांकन में किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 05/06/2026 को इसे न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। समय सीमा के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 14/05/2026 को मेरे हस्ताक्षर एंव न्यायालीन पदमुद्रा से जारी।

तहसीलदार
अम्बिकापुर

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार अम्बिकापुर-2 जिला-सरगुजा (छ.ग.)
रा.प्र.क्र. 202505021700006/अ-27/2024-25

// अंतिम फर्द बंटवारा ईश्तहार प्रकाशन //

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक टुलु आ. सोहर, व अन्य 01, निवासी ग्राम परसा, तहसील अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा (छ.ग.) के द्वारा ग्राम परसा स्थित भूमि खसरा नंबर 1601/1, 1607/1, 1627, 1628, 1629, 1630/1, 1633/1, 1634/1, 1637/1, 1638/1, 1676/2 रकबा क्रमशः 0.231, 0.283, 0.069, 0.053, 0.008, 0.004, 0.040, 0.057, 0.073, 0.174, 0.065 हे., कुल खसरा 11 कुल रकबा 1.057 हे. भूमि का आवेदकगण तथा अनावेदक कल्याण आ. सोहर, व अन्य 03, निवासी ग्राम परसा तहसील अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा (छ.ग.) के मध्य 1/2 भाग में बंटवारा कराने हेतु छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 178 के तहत आवेदन प्रस्तुत किया गया है। हल्का पटवारी द्वारा प्रस्तुत फर्द बंटवारा सूची एवं फर्द नक्शा का अंतिम प्रकाशन किया जा रहा है। अतः उक्त फर्द बंटवारा में किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 29/05/2026 तक दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। समय सीमा के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 13/05/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी।

अतिरिक्त तहसीलदार
अम्बिकापुर-02

न्यायालय तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी भटगांव जिला सूरजपुर (छ.ग.)
रा.प्र. क्रमांक------ ब-121/2025-26

//ईश्तहार//

आम जनता ग्राम लक्ष्मीपुर को सूचित किया जाता है कि आवेदिका धनेश्वरी आ. सुबरन जाति रजवार निवासी ग्राम लक्ष्मीपुर तहसील भटगांव जिला सूरजपुर छ.ग. द्वारा अपने स्वयं का जन्म दिनांक 12/05/1982 को ग्राम लक्ष्मीपुर घर में जन्म होना बताकर जन्म प्रमाण पत्र के पंजीयन बावत मय आवेदन, शपथ पत्र, अनुपलब्धता प्रमाण पत्र की प्रति सहित स्थानीय रजिस्ट्रार (जन्म / मृत्यु) का रजिस्ट्रीकरण (मध्यप्रदेश) निगम 1969 के नियम 10 (13) के अन्तर्गत निर्देश देने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः आवेदिका धनेश्वरी का जन्म प्रमाण पत्र जारी करने के संबंध मे जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो दिनांक 26/05/2026 को समय 11.00 बजे इस न्यायालय में अपना अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति दावा प्रस्तुत कर सकता है। नियत तिथि बाद प्राप्त आपत्ति/दावा पर कोई विचार नही किया जावेगा। तद्नुसार कार्यवाही कर दी जावेगी।

आज दिनांक 11/05/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

तहसीलदार एवं कार्यापालिक दण्डाधिकारी
भटगांव

न्यायालय तहसीलदार सूरजपुर जिला सूरजपुर (छ.ग.)
क्रमांक 21041 /वाचक-2/2025 सूरजपुर दिनांक 12/05/2026

// सार्वजनिक उद्घोषणा/ईश्तहार //

सर्व साधारण ग्रामवासी /नगरवासी ग्राम / नगर ग्रा.पं. पोड़ी प.ह.नं. 16 तहसील सूरजपुर जिला-सूरजपुर को सूचित किया जाता है कि आवेदक लाल साय पिता बेसाहू जाति गोड़ निवासी ग्राम पोड़ी पोस्ट केतका थाना सूरजपुर तहसील सूरजपुर जिला सूरजपुर (छ.ग.) ने अपने पुत्र/पुत्री/माता धसानो पिता बेसाहू मृत्यु तिथि 20/6/16 स्थान पोड़ी के मृत्यु पत्र हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया है जिसमें कार्यवाही की जा रही है।

अतः इस न्यायालय में जिस व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति/आक्षेप हो तो वे स्वंय अथवा अपने अभिभावक द्वारा इस न्यायालय में दिनांक 27/05/2026 दिन बुधवार को उपस्थित होकर दावा / आपत्ति/आक्षेप प्रस्तुत कर सकते है। बाद में प्राप्त दावा आपत्ति/आक्षेप पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

आज दिनांक 12/05/2026 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुहर से जारी किया गया ।

तहसीलदार
सूरजपुर



खबर संक्षेप

जीएच रायसोनी मेमोरियल ऑल इंडिया ओपन फिडे रेटेड रैपिड शतरंज प्रतियोगिता 30 से

अम्बिकापुर। शतरंज संघ सरगुजा द्वारा जिले में 30 एवं 31 मई को द्वितीय जीएच रायसोनी मेमोरियल ऑल इंडिया ओपन फिडे रेटेड रैपिड शतरंज प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। यह प्रतियोगिता शहर के सरस्वती शिशु मंदिर हाल में संपन्न होगी। सरगुजा शतरंज संघ के अध्यक्ष राजेन्द्र सिंह राणा ने बताया कि यह प्रतियोगिता 9 चक्रों में होगी जिसमें सभी वर्गों के खिलाड़ी शामिल होंगे। सभी वर्गों के लिए ट्राफी एवं प्राइज मनी अलग अलग रखी गई है। ओपन वर्ग में ट्राफी-मेडल के साथ प्रथम पुरस्कार 11 हजार, द्वितीय 7 हजार, तृतीय 5 हजार, चतुर्थ 4, पंचम पुरस्कार 3 हजार रूपए, छठवें से दसवां तक 1 हजार रूपए एवं ग्यारहवें से बीसवें स्थान तक के लिए 5 सौ रूपए राशि निर्धारित की गई है। इसके अलावा अंडर-7, अंडर-9, अंडर-11, अंडर-13 व अंडर-15 के विजेता बालक एवं बालिकाओं को बेस्ट वैटरन, बेस्ट अनरेटेड, बेस्ट फिमेल, बेस्ट रेटिंग 1400-1550) एवं बेस्ट सरगुजा के पुरुष एवं महिलाको भी प्राइज मनी एवं ट्राफी दी जाएगी। प्रतियोगिता में बिना विलंब शुल्क के भाग लेने की अंतिम तिथि 23 मई शाम 5 बजे तक है। वहीं 250 रूपए विलंब शुल्क के साथ 25 मई की शाम 5 बजे तक प्रतियोगिता में भाग ले सकते है। उन्होंने बताया कि समस्त नए खिलाड़ियों को सीजीएससीए रजिस्ट्रेशन शुल्क 150 रूपए एवं एआईसीएफ का रजिस्ट्रेशन शुल्क 300 रूपए भी जमा करना होगा।

नपं शिवनंदनपुर आम निर्वाचन हेतु सेक्टर अधिकारियों की हुई नियुक्ति

बिश्रामपुर। नगर पंचायत शिवनंदनपुर के आम निर्वाचन के सुचारू एवं निष्पक्ष संचालन हेतु कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती रेना जमील द्वारा सेक्टर अधिकारियों की नियुक्ति का आदेश जारी किया गया है। जारी आदेश के तहत नगर पंचायत शिवनंदनपुर के कुल 15 मतदान केन्द्रों हेतु दो सेक्टर अधिकारी एवं एक रिजर्व सेक्टर अधिकारी नियुक्त किए गए हैं। जारी आदेश के अनुसार सेक्टर क्रमांक 1 शिवानंदनपुर मुख्यालय हेतु सहायक संचालक मत्सय विभाग सूरजपुर एमएस सोनवानी को सेक्टर अधिकारी नियुक्त किया गया है, जिनके अंतर्गत वार्ड क्रमांक 9 से 15 तक के 7 मतदान केन्द्रों के संचालन का दायित्व रहेगा। सेक्टर क्रमांक 2 शिवनंदनपुर हेतु अनुविभागीय अधिकारी ग्रामीण यांत्रिकी सेवा सूरजपुर विमल सिंह को सेक्टर अधिकारी नियुक्त किया गया है, जिनके अंतर्गत वार्ड क्रमांक 1 से 8 तक के 8 मतदान केन्द्र आएंगे। रिजर्व सेक्टर अधिकारी के रूप में जिला परियोजना समन्वयक, समग्र शिक्षा सूरजपुर मनोज साहू को नियुक्त किया गया है, जो आवश्यकता पड़ने पर निर्वाचन कार्य का दायित्व संभालेंगे। आदेश में स्पष्ट किया गया है कि सभी नियुक्त सेक्टर अधिकारी अपने-अपने क्षेत्र का तत्काल भ्रमण कर प्रथम प्रतिवेदन अपने रिटर्निंग ऑफिसर को प्रस्तुत करेंगे तथा निर्वाचन की संपूर्ण प्रक्रिया में मतदान दिवस तक की सफल जवाबदारी सेक्टर अधिकारी की होगी। जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर पीसी सोनी एवं शंभू प्रसाद के मार्गदर्शन में 19 मई को प्रातः 11 बजे जिला पंचायत सूरजपुर के सभा कक्ष में नियुक्त सेक्टर अधिकारियों का प्रशिक्षण आयोजित किया जाएगा। ज्ञात हो कि नगर पंचायत शिवनंदनपुर के चुनाव हेतु नाम निर्देशन लेने की प्रक्रिया भी जारी है। जिसमें शुक्रवार को अध्यक्ष पद हेतु तीन व पार्षद पद हेतु बारह उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र लिए हैं। नाम निर्देशन की अंतिम तिथि नजदीक आने के बाद भी आज तक भाजपा व कांग्रेस द्वारा अपने उम्मीदवारों की अंतिम सूची जारी नहीं कर सके हैं, जिससे अभी भी लोगों में उम्मीदवारों को लेकर असमंजस्य की स्थिति बनी हुई है। संभावना जताई जा रही है कि भाजपा द्वारा आज देर रात या शनिवार तक उम्मीदवारों की सूची जारी कर सकते हैं।

छोटी बहन की शादी समारोह में जाने दौरान सड़क हादसे में महिला की मौत

बिश्रामपुर। छोटी बहन के विवाह समारोह में शामिल होने मायके देवनगर गई 24 वर्षीय महिला की सड़क हादसे में मौत हो गई। घटना से विवाह वाले घर की खुशियां मातम में बदल गईं।प्राप्त जानकारी अनुसार ग्राम धरतीपारा निवासी ज्योति प्रजापति पति भानु प्रजापति अपनी छोटी बहन के विवाह समारोह में शामिल होने मायके देवनगर गई हुई थी। बुधवार को वह अपने भाई के साथ बजाज पल्सर बाइक में बैठकर शॉपिंग के लिए देवनगर बाजार गई थी। इसी दौरान बाजार क्षेत्र में स्कूटी सवार से बाइक की जोरदार टक्कर हो गई।हादसे में बाइक के पीछे बैठी ज्योति सर के बल सड़क पर गिर पड़ी। बताया जा रहा है कि सड़क पर पड़ी गिट्टी उसके सिर में जा घुसी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। खून से लथपथ हालत में उसे तत्काल देवनगर अस्पताल पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद सूरजपुर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जिला अस्पताल में चिकित्सकों ने उसकी हालत गंभीर देखते हुए मेडिकल कॉलेज अंबिकापुर रेफर किया, लेकिन अंबिकापुर ले जाते समय बिश्रामपुर के समीप रास्ते में ही उसकी मौत हो गई,पुलिस ने पीएम व पंचनामा की कार्रवाई के बाद शव को परिजनों को सौंप दिया है। घटना के बाद परिवार एवं रिश्तेदारों में शोक का माहौल निर्मित है।

निधन

आदित्य कुमार सिंह (कल्लू)



बिश्रामपुर। माइनर्स कॉलोनी बिश्रामपुर निवासी आदित्य कुमार सिंह ऊर्फ(कल्लू) 31 वर्ष का शुक्रवार की प्रातः हदय घात से निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार रिंहद नदी ग्राम कुरवां स्थित मुक्तिधाम में किया गया, स्व.आदित्य अपने पीछे मां, पत्नी, छोटा भाई सहित आठ माह की बेटी को बिलखता छोड़ गए हैं। आदित्य के आकस्मिक निधन से बिश्रामपुर कॉलोनी में शुक्रवार को शोक एवं मातम का माहौल बना रहा।

अलग-अलग स्तर पर शुरू हुई परिणाम की समीक्षा

10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षाओं में खराब प्रदर्शन पर विभाग हुआ सख्त, प्राचार्यों को नोटिस देने की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षा का परिणाम सुधारने के लिए जिला प्रशासन एवं शिक्षा विभाग द्वारा कि ए ग ए ल गा ता र प्रयासों के बा व जू द इस बार स र गु जा एवं एमसीबी का परीक्षा परिणाम निराशाजनक रहा। जबकि सूरजपुर, कोरिया एवं जशपुर के विद्यार्थियों ने बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अपने जिले का मान बढ़ाया है। प्रशासन एवं विभाग द्वारा अब अलग-अलग स्तर पर परीक्षा परिणामों की समीक्षा की जा रही है ताकि कमियों को समय रहते दूर किया जा सके।

खास बात

- सरगुजा में 12वीं बोर्ड के परिणाम में 5 .38 फीसदी की आई कमी

10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षा के परिणाम में सुधार लाने की दृष्टि से जिला प्रशासन द्वारा पूरे साल विभिन्न गतिविधियां संचालित की गई। विभाग द्वारा भी जिला एवं संभागस्तर पर शिक्षकों एवं प्राचार्यों के लिए अलग-अलग गाइडलाइन जारी कर बैठके आयोजित की गई। पढ़ाई में कमजोर बच्चों के लिए विषयवार विशेष कक्षाएं भी संचालित की गई। बोर्ड परीक्षा के पूर्व विभाग द्वारा विषयवार प्रश्नपत्र जारी कर विद्यालयवार परीक्षाएं भी आयोजित की गई। कमजोर बच्चों का चिन्हांकन कर उन्हें परीक्षा के लिए तैयार करने विशेष अभियान भी चलाया गया। विभाग के अधिकारी भी नियमित स्कूलों का भ्रमण कर तैयारियों का नियमित जायजा लेते रहे। संभाग के कुछ जिलों में इन गतिविधियों का व्यापक प्रभाव पड़ा तथा परीक्षा परिणाम में उम्मीद से अधिक सुधार हुआ। इसके विपरीत कई जिले अपने पिछले साल के औसत परिणाम को भी कायम रखने में विफल रहे। पिछले साल की तुलना में इस बार सरगुजा जिला में 10वीं बोर्ड के परीक्षा परिणाम में 1.46 फीसदी एवं 12वीं बोर्ड के परीक्षा परिणाम में 5.38 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई है। एमसीबी जिले के परीक्षा परिणाम में पिछले वर्ष की तुलना में भारी गिरावट आई है तथा 10वीं बोर्ड के परिणाम में 20.61 फीसदी वहीं 12वीं बोर्ड के परिणाम में 4.6 फीसदी की गिरावट हुई है। सूरजपुर जिला ने 10वीं एवं 12वीं की परीक्षा में राज्य स्तर पर दूसरा स्थान हासिल किया है। पिछले वर्ष की तुलना में 10वीं में 8.03 फीसदी एवं 12वीं बोर्ड में 14.09 फीसदी की वृद्धि हुई है। पिछले 5-6 वर्षों से लगातार उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले जशपुर जिले के परीक्षा परिणाम में भी गिरावट आई है तथा 10वीं में 0.92 फीसदी एवं 12वीं में 0.69 फीसदी की कमी दर्ज की ई है। बलरामपुर जिले में 10वीं बोर्ड के परीक्षा परिणाम में 3.63 फीसदी की वृद्धि वहीं 12वीं बोर्ड में 1.47 फीसदी की गिरावट आई है।

ऐसे प्रभावित हुआ परिणाम

पिछले साल सरगुजा में 10वीं बोर्ड का परीक्षा परिणाम 87.58 था जो इस बार गिरकर 84.09 प्रतिशत पहुंच गया है। इसी तरह 12वीं का परीक्षा परिणाम 85.94 फीसदी से गिरकर 80.58 फीसदी पहुंच गया है। एमसीबी जिले में पिछले साल 10वीं का परिणाम 74.73 से गिरकर 59.12 प्रतिशत एवं 12वीं बोर्ड का परीक्षा परिणाम 86.83 प्रतिशत से गिरकर 82.4 प्रतिशत पहुंच गया है। कोरिया जिले में पिछले साल 10वीं बोर्ड का परीक्षा परिणाम 92.93 फीसदी था जो इस बार बढ़कर 93.02 प्रतिशत एवं 12वीं बोर्ड का परिणाम 92.42 फीसदी से बढ़कर 95.64 फीसदी पहुंचा है। जशपुर जिले में पिछले साल 10वीं बोर्ड का परीक्षा परिणाम 94.22 फीसदी था जो बढ़कर 93.29 फीसदी जबकि 12वीं बोर्ड का परीक्षा परिणाम 94.01 फीसद से घटकर 93.32 फीसदी पहुंच गया है। इसी तरह बलरामपुर में 10वीं बोर्ड का परीक्षा परिणाम 81.1 फीसदी से बढ़कर 84.63 प्रतिशत जबकि 12वीं बोर्ड के परिणाम में 1.47 फीसदी की गिरावट आई है।

सरगुजा का प्रदर्शन चिंताजनक

बोर्ड परीक्षाओं में सूरजपुर एवं कोरिया के परीक्षार्थियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन को काफी सराहा जा रहा है। कोरिया के सर्वाधिक 78.58 प्रतिशत परीक्षार्थियों ने 10वीं एवं 12वीं में 79.89 परीक्षार्थियों ने प्रथम श्रेणी वही 3 ने प्रावीण्य सूची में अपना स्थान बनाया है। जशपुर में भी प्रथम श्रेणी से 10वीं में 69.58 एवं 12वीं में 66.53 परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुए है। संसाधनों एवं पहुंच की दृष्टि से समृद्ध सरगुजा का प्रदर्शन लगातार प्रभावित हो रहा है तथा प्रावीण्य सूची में जगह बनाना तो दूर शासकीय स्कूलों के शतप्रतिशत परीक्षार्थी उत्तीर्ण भी नहीं हो रहे हैं जो चिंता का विषय है।

शिक्षकों की कमी बड़ा कारण

परीक्षा परिणाम प्रभावित होने के पीछे कई कारण गिनाए जा रहे हैं लेकिन प्रमुख कारण शिक्षकों की कमी एवं विद्यार्थियों की अनुपस्थिति को माना जा रहा है। कई स्कूलों में शिक्षकों की कमी है। हालांकि विभाग द्वारा संकुल स्तर से शिक्षकों की वैकल्पिक व्यवस्था करने का दावा किया जा रहा है। विद्यार्थियों के नियमित स्कूल नहीं आने एवं मासिक, त्रैमासिक, अर्द्धवार्षिक परीक्षा परिणाम की समीक्षा एवं कारणों के निदान हेतु विद्यालय स्तर पर कारगर पहल नहीं करने को भी इसका वजह माना जा रहा है। भविष्य में इस तरह की स्थिति निर्मित न हो इसलिए जिला शिक्षा अधिकारी जिला प्रशासन एवं संभाग स्तर पर परीक्षा परिणाम की समीक्षा की जा रही है।

की जा रही समीक्षा

हर जिले का परीक्षा परीणाम मंगाया गया है वृहद समीक्षा की जा रही है। जिला स्तर पर भी परीक्षा परिणामों की समीक्षा की जाएगी तथा बोर्ड परीक्षा में खराब प्रदर्शन करने वाले स्कूल के प्राचार्यों को नोटिस जारी किया जाएगा। सरगुजा एवं एमसीबी जिले के परीक्षा परिणाम में गिरावट आई है।

-संजय गुप्ता
संयुक्त संचालक,शिक्षा

भाजपा शासन काल में देशकी स्थिति हुई बदहाल : शफी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर

वरिष्ठ कांग्रेस नेता व ननि अंबिकापुर नेता प्रतिपक्ष शफी अहमद ने कहा है कि देश की स्थिति भारतीय जनता पार्टी के सत्ताकाल के दौरान बदहाल हो गई है। आज देश अर्थव्यवस्था के मामले में 149 में नंबर पर है। जबकि अर्थव्यवस्था में यह माना जाता है कि दुनिया में छठवें नंबर की अर्थव्यवस्था अपने देश की है, इसके बावजूद वर्तमान में अपनी नाकामियों को थोपने के लिए प्रधानमंत्री जी ने जिस तरह से देश के लोगों को संबोधित किया है उससे प्रतीत होता है कि देश को नाकामियों के रास्ते ले जाकर देश को गर्त में धकेलने की कोशिश है। सोना ना खरीदने से लेकर के उर्वरक के कम उपयोग की नसीहत दी।

- महंगाई, पेट्रोल-डीजल के दामों में वृद्धि को लेकर साधा निशाना

शफी अहमद शुक्रवार को नगर में कांग्रेस द्वारा आयोजित पत्रकार वार्ता को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि यह नसीहत पांच राज्यों में बेतहाशा जीत के बाद दी गई जबकि इन राज्यों के चुनाव में अरबों खरबों रुपए खर्च किए गए। देश में कच्चे तेल के लिए भंडारण की आज तक कोई व्यवस्था नहीं की गई जबकि कांग्रेस के शासनकाल के दौरान मनमोहन सिंह ने ऐसे तीन क्रूड ऑयल के भंडारण की नींव रखी थी। डीजल पेट्रोल आम आदमी पर अतिरिक्त बोझ बढ़ा दिया गया है बढ़ती महंगाई ने आम आदमी की कमर तोड़ दी है लोग परेशान हैं। गृहणियों का घर चलना मुश्किल हो गया है। कुल मिलाकर अपनी नाकामियों को प्रधानमंत्री ने देश पर थोप दिया है। वर्तमान परिस्थितियों में प्रधानमंत्री को अपने उन बातों पर अमल करना चाहिए तो उन्हें अपना झोला उठाकर चल देना चाहिए। इस दौरान जिला अध्यक्ष हरिहर यादव, पूर्व जिला अध्यक्ष राजेंद्र तिवारी, पूर्व विधायक डॉ. प्रीतम राम ने भी पत्रकार वार्ता को संबोधित किया। इस दौरान रामदेव जगते, उपाध्यक्ष सुनील सिंह, सुनील गुप्ता, राजेंद्र भगत, लालसाय मिंज, जितेंद्र गुप्ता, दोमनिक एक्का, संजीत चौबे, विश्वजीत सिंहदेव, ब्लॉक अध्यक्ष समीर सिंहदेव, सत्येंद्र पांडेय बृजेश मिश्रा, राम बिहारी यादव, विभु जायसवाल, बुद्धदेव पोया, संतन भगत, अमित यादव सहित अन्य मौजूद थे।

चाचा की प्रताड़ना से परेशान भतीजी पहुंची कलेक्टर-एसपी के पास, न्याय की लगाई गुहार

प्रतापपुर। जनपद पंचायत प्रतापपुर अंतर्गत ग्राम बड़वार के बरगीडीह में एक भतीजी ने अपने ही चाचा पर जमीन कब्जाने, मारपीट करने, धमकी देने और लगातार प्रताड़ित करने का आरोप लगाई है। पीड़िता ने कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक से शिकायत कर निष्पक्ष जांच और कड़ी कार्रवाई की मांग की है। ग्राम बड़वार बरगीडीह निवासी पीड़िता जसमुन निशा आ. मोहम्मद इनुस ने कलेक्टर व एसपी से किए शिकायत में बताया कि चाचा इनत मोहम्मद आ. स्वर्गीय जाफर अली द्वारा लगातार उनके हिस्से की जमीन पर अवैध कब्जा किया जा रहा है। पीड़िता के मुताबिक चाचा कभी जमीन का एक हिस्सा तो कभी दूसरा हिस्सा जबरन अपने कब्जे में ले लेता है। पीड़िता ने बताया कि जब उनका परिवार अपने हिस्से की जमीन पर मकान निर्माण कराने की कोशिश करता है, तब रात में पहुंचकर निर्माणाधीन दीवार को गिरा देता है। विरोध करने पर लाठी-डंडा लेकर दौड़ाता है और गाली-गलौज करते हुए पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी देता है। लगातार हो रही प्रताड़ना से परेशान होकर परिवार कई बार थाने पहुंचा, लेकिन वहां भी उन्हें राहत नहीं मिली। पीड़िता ने कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक से मामले की निष्पक्ष जांच कराने तथा न्यायसंगत कार्रवाई की मांग की है।

करंजी में गौठान से लगे सोलर पंप खोल ले गये अज्ञात बदमाश

बिश्रामपुर। थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत करंजी के गौठान में लगे सोलर पंप को अज्ञात चोरों ने खोल कर पार कर दिया है।सरपंच पति रामचंद्र सिंह की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ बीएनएस की धारा 303(2) के तहत अपराध दर्ज किया है,पुलिस मामले की जांच कर रही है।

नाबालिग से विवाह कर जबरदस्ती पत्नी बनाकर रखने के मामले में होगा अपराध पंजीबद्ध

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

जिले में बाल विवाह के प्रकरण लगातार प्रकाश में आ रहे हैं तथा कुछ लोग प्रशासन की कार्रवाई के डर से मुहूर्त से पहले ही बारात बुलाकर विवाह संपन्न करा रहे हैं। ऐसे प्रकरणों पर अंकुश लगाने हेतु कलेक्टर श्रीमती रेना जमील के सख्त निर्देश पर महिला एवं बाल विकास विभाग, जिला बाल संरक्षण इकाई, चाइल्ड लाइन तथा पुलिस विभाग की संयुक्त टीम पूरी मुस्तैदी के साथ कार्रवाई कर रही है। इसी क्रम में हाल ही में दो बाल विवाह प्रकरण प्रकाश में आए, जिन पर त्वरित कार्रवाई करते हुए संबंधितों के विरुद्ध बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम एवं लैंगिक अपराध से बालकों का संरक्षण अधिनियम पॉक्सो के तहत अपराध पंजीबद्ध करने के निर्देश दिए गए हैं।

प्रथम प्रकरण में सूचना प्राप्त हुई कि भटगांव के पास एक गांव में 14 वर्षीय बालिका का बाल विवाह संपन्न कराया जा रहा है। जिला कार्यक्रम अधिकारी शुभम बंसल के निर्देश पर जिला बाल संरक्षण अधिकारी मनोज जायसवाल के नेतृत्व में संयुक्त टीम मौके पर पहुंची। जांच के दौरान बालिका की आयु 14 वर्ष ही पाई गई। पूछताछ में यह तथ्य सामने आया कि बालिका का विवाह 4 दिसंबर 2025 को सारासोर मंदिर में लड़की एवं लड़का पक्ष के अभिभावकों की उपस्थिति में पंडित के मंत्रोच्चार के मध्य संपन्न कराया गया था। उस समय बालिका मात्र 13 वर्ष 8 माह की थी। तब से दोनों पति-पत्नी की तरह लड़के के घर में रह रहे थे। सामाजिक रीति-रिवाज से उक्त दिवस को विवाह की औपचारिकता लड़के के घर में संपन्न कराई जा रही थी, जिसकी शिकायत किसी द्वारा प्रशासन को प्राप्त हुई। संयुक्त टीम ने बालिका को रेस्क्यू कर बाल कल्याण समिति में प्रस्तुत करने हेतु सखी वन स्टॉप सेंटर में संरक्षित किया। दूसरे प्रकरण में टोल फ्री नंबर पर दोपहर के समय सूचना प्राप्त हुई कि प्रेमनगर के दूरस्थ ग्राम में नाबालिग का विवाह संपन्न कराया जा रहा है। जिला बाल संरक्षण अधिकारी एवं महिला एवं बाल विकास विभाग प्रेमनगर की पर्यवेक्षक एवं पुलिस थाना प्रेमनगर की टीम को तत्काल मौके पर जाने हेतु निर्देशित किया गया। टीम जब घर पहुँची तो बालिका वहां नहीं मिली और घर वाले कुछ बताने को राजी नहीं थे। अपराध पंजीबद्ध करने की बात कहे जाने पर घरवाले डर गए और उन्होंने स्वीकार किया कि कार्रवाई के डर से उसी दिन सुबह बारात बुलाकर विवाह संपन्न करा दिया गया तथा लड़की अपने ससुराल चली गई। उक्त जानकारी जिला कार्यक्रम अधिकारी को दी गई।

जिला कार्यक्रम अधिकारी शुभम बंसल के निर्देश पर जिला बाल संरक्षण अधिकारी, परियोजना अधिकारी भैयाथान नितिन रंजन बेहरा, पर्यवेक्षक श्रीमती जयश्री, जैनेन्द्र दुबे तथा सामाजिक कार्यकर्ता श्रीमती अंजलि साहू सहित संयुक्त टीम वर पक्ष के गांव पहुंची। प्रारंभ में वर एवं उसके पिता ने विवाह न होने की बात कही, परन्तु जब अपराध पंजीबद्ध करने की कार्रवाई की बात कही गई, तो उन्होंने डर के कारण विवाह संपन्न कराने तथा लड़की को अपने घर लाने की बात स्वीकार कर ली। टीम के निर्देश पर लड़की को प्रस्तुत किया गया, जिसके माथे पर सिंदूर लगा हुआ था तथा लड़का पक्ष के सभी लोगों ने विवाह संपन्न होने की बात कबूल की। पंचनामा बनाकर बालिका को उसकी दादी के साथ सखी वन स्टॉप सेंटर में संरक्षित किया गया, जहाँ से उसे बाल कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया। जिला बाल संरक्षण अधिकारी मनोज जायसवाल के प्रतिवेदन पर जिला कार्यक्रम अधिकारी द्वारा संबंधित परियोजना अधिकारियों को बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम एवं लैंगिक अपराध से बालकों का संरक्षण अधिनियम पॉक्सो के धाराओं के तहत अपराध पंजीबद्ध करने के निर्देश दिए गए हैं।

सीएम हेल्पलाइन के तहत अधिकारी-कर्मचारियों को दिया गया प्रशिक्षण

बलरामपुर। सुशासन एवं अभिसरण विभाग छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार गुड गवर्नेंस की दिशा में सीएम हेल्पलाइन अंतर्गत प्राप्त विभिन्न विभागीय शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण एवं त्वरित निराकरण हेतु संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिपं सीईओ श्रीमती नयनतारा सिंह तोमर की उपस्थिति में अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सीएम हेल्पलाइन 1076 एवं शिकायत प्रबंधन प्रणाली की विस्तृत जानकारी दी गई। राज्य स्तर से नामित प्रशिक्षण दल प्रमुख आरके शर्मा द्वारा सीएम हेल्पलाइन एवं शिकायत प्रबंधन प्रणाली की कार्यप्रणाली पर विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि सीएम हेल्पलाइन मुख्य रूप से शिकायत निवारण की एक प्रभावी प्रणाली है, जिसके माध्यम से आमजन किसी भी विभाग से संबंधित शिकायत 24 घंटे 7 दिन दर्ज करा सकते हैं। इसके संचालन हेतु चौबीसों घंटे कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। प्रशिक्षण के दौरान बताया गया कि सीएम हेल्पलाइन प्रणाली पांच प्रमुख जिसमें शिकायत ट्रैकिंग, समयबद्ध निवारण, नागरिक फीडबैक, पारदर्शिता एवं जवाबदेही तथा कुशल निगरानी पर आधारित है। प्रत्येक शिकायत पश्चात 12 अंकों का विशिष्ट टोकन क्रमांक प्रदान किया जाएगा, जिसके माध्यम से शिकायतकर्ता अपनी शिकायत की स्थिति की जानकारी प्रत्येक चरण में प्राप्त कर सकेगा। सीएम हेल्पलाइन शिकायत प्रबंधन प्रणाली नागरिकों की शिकायतों, सुझावों एवं समस्याओं के त्वरित एवं पारदर्शी निराकरण हेतु एक ऑनलाइन माध्यम है। नागरिकों की सुविधा के लिए शिकायत दर्ज कराने के विभिन्न माध्यम उपलब्ध कराए गए हैं, जिनमें 1076 हेल्पलाइन नंबर, वेब पोर्टल, मोबाइल ऐप एवं वाट्सएप जैसी सुविधाएं शामिल हैं। प्रशिक्षण में अपर कलेक्टर आरएस लाल, नोडल अधिकारी सीएम हेल्पलाइन एवं अपर कलेक्टर प्रमोद गुप्ता, आरएन पांडेय, अभिषेक गुप्ता, चेतन बोरघरिया सहित अनुविभागीय अधिकारी, विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

जमीन सौदे में गड़बड़ी का आरोप अपर कलेक्टर के खिलाफ जांच शुरू

सूरजपुर। जिले में पदस्थ एक वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी पर लगे भ्रष्टाचार और बेनामी संपत्ति के आरोपों ने प्रशासनिक गलियारों में हलचल बढ़ा दी है। अधिवक्ता एवं आरटीआई कार्यकर्ता डीके सोनी की शिकायत के बाद जिला प्रशासन ने वर्तमान अपर कलेक्टर जगन्नाथ वर्मा के खिलाफ संयुक्त जांच टीम गठित कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

- पांच सदस्यीय समिति गठित, बेनामी संपत्ति और नियम विरुद्ध नामांतरण की शिकायत

शिकायत में आरोप लगाया गया है कि जगन्नाथ वर्मा ने अपने पूर्व पदस्थापना कार्यकाल के दौरान सरकारी भूमि से जुड़े मामलों में नियमों की अनदेखी करते हुए करोड़ों रुपये की जमीन के सौदे में अनियमितताएं कीं। शिकायत के अनुसार, राष्ट्रीय राजमार्ग-43 स्थित ग्राम मदनपुर की पुनर्वास भूमि को कथित रूप से प्रभाव का इस्तेमाल कर निजी लोगों के नाम दर्ज कराया गया और बाद में बेनामी तरीके से उसका हस्तांतरण किया गया। शिकायतकर्ता का दावा है कि जमीन की वास्तविक कीमत करीब दो करोड़ रुपये थी, लेकिन दस्तावेजों में कम मूल्य दर्शाकर स्टांप शुल्क में भारी गड़बड़ी की गई। मामले में कई चरणों में नामांतरण और रजिस्ट्री होने की बात भी सामने आई है। मामले की गंभीरता को देखते हुए जिला प्रशासन ने पांच सदस्यीय जांच समिति का गठन किया है। समिति में जिला पंचायत सीईओ बिजेंद्र सिंह पाटले को अध्यक्ष बनाया गया है। वहीं एसडीएम शिवानी जायसवाल, शिकायत शाखा प्रभारी सुनील अग्रवाल, भू-अभिलेख अधीक्षक भूपेंद्र कुमारी बंजारे और तहसीलदार सूर्यकांत साथ को सदस्य बनाया गया है। समिति को पूरे मामले की जांच कर जल्द रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। शिकायत में यह भी आरोप लगाया गया है कि अधिकारी ने प्रदेश और दूसरे राज्यों में पेट्रोल पंप, व्यावसायिक कॉम्प्लेक्स और अन्य संपत्तियों में निवेश किया है। शिकायतकर्ता ने जांच एजेंसी के समक्ष दस्तावेज और साक्ष्य प्रस्तुत करने की बात कही है। वहीं अपर कलेक्टर जगन्नाथ वर्मा ने सभी आरोपों को निराधार बताया है। उनका कहना है कि लगाए गए आरोप तथ्यहीन हैं और वे इस विषय पर सार्वजनिक टिप्पणी नहीं करना चाहते।